

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 11 जनवरी 2026

संवत 2082, माघ कृष्णपक्ष 7 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 121, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ बी.ए. करने के बाद इन करियर फील्ड में करें ट्राई

विवेक ओबेरॉय के साथ सुर्खियों में आई श्रेया शर्मा ◀◀ 6


गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड वितरण समारोह आयोजित

## शिक्षा के सपनों को मिला आर्थिक संबल



**मेट्रो रेज**

**रांची :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत आज एक भव्य क्रेडिट कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान पात्र विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड प्रदान किए गए, जिससे वे उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राएं 4 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण कम ब्याज दर पर प्राप्त कर सकते हैं, ताकि आर्थिक अभाव उनके उज्ज्वल भविष्य में बाधा न बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी मेधावी छात्र केवल पैसों के अभाव में अपनी पढ़ाई न छोड़े। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम है।

उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे इस योजना का सदुपयोग कर उच्च शिक्षा प्राप्त करें और राज्य व देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने योजना की प्रक्रिया, पात्रता एवं ऋण वापसी से संबंधित जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं ऑनलाइन है, जिससे छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। समारोह के अंत में लाभार्थी छात्रों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

दिशोम गुरु की जन्मजयंती पर सीएम हेमंत सोरेन सोशल मीडिया पर लिखा

## मैंने उन्हें कई बार थका हुआ देखा, लेकिन कभी टूटते नहीं देखा



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को अपने पिता एवं 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन की 82वीं जयंती के अवसर पर एक भावनात्मक संदेश साझा किया। सोरेन ने सोशल मीडिया पर अपने पिता के संघर्षमय जीवन को याद करते हुए उन्हें अपना सबसे बड़ा प्रेरणास्त्रोत बताया।


**ये केवल एक महान नेता का जन्मदिन नहीं :** सोरेन ने लिखा, आज मेरे बाबा, दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की जन्मतिथि है। यह केवल एक महान नेता का जन्मदिन नहीं, बल्कि उस पिता की स्मृति है, जिन्होंने मुझे जीने का तरीका सिखाया, संघर्ष का साहस दिया और सबसे बढ़कर सच्चाई, स्वाभिमान और मूल्यों पर अडिग रहना सिखाया।

**मैंने उन्हें कई बार थका हुआ देखा :** बाबा ने अपने पूरे जीवन में अन्याय के आगे कभी सिर नहीं झुकाया। जल, जंगल, जमीन और आदिवासी अस्मिता की रक्षा के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। मैंने उन्हें कई बार थका हुआ देखा, लेकिन कभी टूटते नहीं देखा। उनकी वही दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प आज भी मुझे प्रेरित करता है।

**हौसला सीख और आगे की दिशा :** एक बेटे के रूप में अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए हेमंत सोरेन ने लिखा, ङ्गमैंने उनसे सादगी, कठिन परिस्थितियों में डटे रहने का हौसला और सत्ता को सेवा का माध्यम मानने की सीख पाई है। बाबा, आपके दिखाए रास्ते और आपके आदर्शों पर मैं जीवन भर चलता रहूंगा। जय झारखंड! जय दिशोम गुरु! आपकी स्मृतियां सदैव अमर रहें।

## लापता दो बच्चों की वापसी की मांग को लेकर एचईसी-धुर्वा रहा बंद

**विशेष संवाददाता**



**रांची :** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से लापता हुए दो मासूम बच्चों–अंश कुमार एवं अंशिका कुमारी–की सकुशल वापसी की मांग को लेकर सोमवार को एचईसी-धुर्वा क्षेत्र बंद बुलाया गया। बंद का असर पूरे क्षेत्र में व्यापक रूप से देखा गया। सुबह से ही बाजार, दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान एवं कई निजी संस्थान स्वतः बंद रहे, वहीं सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों एवं परिजनों के आह्वान पर बुलाए गए इस बंद को क्षेत्रवासियों का भरपूर समर्थन मिला। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर बच्चों की जल्द तलाश की मांग की और प्रशासन से मामले में त्वरित एवं ठोस कार्रवाई करने की अपील की।

**प्रदर्शन और नारेबाजी :** बंद के दौरान एचईसी मुख्य मार्ग, धुर्वा चौक सहित कई प्रमुख स्थानों पर लोगों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान ङ्गबच्चों को जल्द खोजोङ्ख, ङ्गपुलिस प्रशासन जवाब दोङ्ख जैसे नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बच्चों के लापता होने के कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है, जिससे परिजनों में गहरा आक्रोश और चिंता है।

**परिजनों की पीड़ा :** लापता बच्चों के परिजनों ने प्रशासन से भावुक अपील करते हुए कहा कि उनके बच्चों को जल्द से जल्द सुरक्षित वापस लाया जाए। परिजनों का कहना है कि पुलिस को तलाश अभियान और तेज करना चाहिए तथा सभी संभावित पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जानी चाहिए।

**पुलिसङ्मप्रशासन की प्रतिक्रिया :** जगन्नाथपुर थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और बच्चों की तलाश के लिए विभिन्न टीमों को लगाया गया है। आसपास के इलाकों में पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज की जांच एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से भी खोजबीन की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की है।

**क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था :** बंद के मद्देनजर एहतियातन क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। हालांकि कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और बंद शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। फिलहाल पूरे एचईसी-धुर्वा क्षेत्र की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं और लोग एक ही मांग दोहरा रहे हैं–अंश कुमार एवं अंशिका कुमारी की जल्द से जल्द सकुशल वापसी।




## समाचार सार

### डोंबारी बुरु में उलगुलान के शहीदों को नमन बलिदान की स्मृतियों में गूंजा इतिहास



**खूंटी :** बिरसा उलगुलान के अमर शहीदों को शुक्रवार को ऐतिहासिक डोंबारी बुरु में श्रद्धा और सम्मान के साथ याद किया गया। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राज्य के राजनीतिक, सामाजिक और आदिवासी समाज के प्रतिनिधि एकत्र हुए।

राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने डोंबारी बुरु पहुंचकर शहीदों को पुष्प अर्पित किए।

इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि डोंबारी बुरु केवल एक पहाड़ी नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के संघर्ष, त्याग और शहादत का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सेना और बिरसा मुंडा के अनुयायियों के बीच हुए ऐतिहासिक संघर्ष ने आदिवासी अस्मिता को नई पहचान दी। मुंडा समाज के बलिदान को शब्दों में समेट पाना कठिन है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भगवान बिरसा मुंडा को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध उलगुलान छेड़कर आदिवासी समाज को आत्मसम्मान और अधिकारों की राह दिखाई। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम अपने हक और अधिकारों के प्रति जागरूक होकर संवैधानिक मार्ग से समाज, गांव और राज्य के विकास को आगे बढ़ाएं। उन्होंने खूंटी के पड़हा राजा सोमा मुंडा की हत्या का उल्लेख करते हुए दोषियों को बेनकाब करने की आवश्यकता पर जोर दिया। शहादत दिवस के मौके पर डोंबारी बुरु में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इसके साथ ही पारंपरिक मेले का आयोजन भी हुआ, जिसने कार्यक्रम को जनआस्था और लोकसंस्कृति से जोड़ दिया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला सहित कई गणमान्य लोग और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### खूंटी पेलोल पुल के पास सड़क हादसा चार घायल, एक की हालत नाजुक



**खूंटी :** पेलोल पुल के पास बनाए गए नए डाइवर्सन पर एक बार फिर सड़क दुर्घटना हुई है। चंचला घाघ से खूंटी की ओर आ रही एक टोयोटा ग्लैंज कार डाइवर्सन के पास रखे मिट्टी के ढेर से टकरा गई, जिससे कार सड़क से नीचे जा गिरी। हादसे में कार में सवार चार लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की स्थिति थोड़ी नाजुक बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार हवा में उछलते हुए सड़क के दूसरी ओर झाड़ियों में जा घुसी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले इसी डाइवर्सन के पास एक स्कॉर्पियो वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है। लगातार हो रही घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का सवाल है कि यदि डाइवर्सन का काम पूरा हो चुका है तो सड़क के दोनों ओर लगे मिट्टी के ढेर अब तक क्यों नहीं हटाए गए। वहीं, अगर काम अभी अधूरा है तो इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही की अनुमति कैसे दी जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मिट्टी के ढेर और स्पष्ट संकेतक (साइन बोर्ड) नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द मिट्टी के ढेर हटाने, उचित संकेतक लगाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### मुरी में टुसू महोत्सव आज

**मुरी :** मकर संक्रांति नजदीक आते ही टुसू का माहौल बढ़ते जा रहा है। आज11 जनवरी 2026 को झारखंडी भाषा खतियान संस्कृति समिति के बैनर तले अल्बर्ट एक्का चौक नगर निगम कार पार्किंग में राजधानी टुसू महोत्सव 2026 का आयोजन होगा। मौके पर पारम्परिक तरीके से टुसू थापन, टुसू वंदना, सामुहिक टुसू गीत तथा टुसू चौड़ल प्रदर्शन किया जायेगा इस अवसर पर हजारों की संख्या में साँस्कृतिक प्रेमी और कलाकार जुटेंगे।

### डोमचांच के बिगहा में अजय सुमन ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**कोडरमा :** जिला के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया पंचायत के ग्राम बिगहा में महालक्ष्मी रियल स्टेट प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर सह आजसू जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार सुमन ने शीतलहर और कड़ाके की ठंड से जूझ रहे जंगल किनारे जीवन यापन करने वाले दर्जनों जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। इस मानवीय पहल से क्षेत्र में राहत और खुशी का माहौल देखने को मिला। कंबल पाकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। इस अवसर पर श्री सुमन ने कहा कि सामाजिक न्याय और सर्वांगीण विकास ही उनका उद्देश्य और लक्ष्य है, और भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। कंबल पाने वालों में जगदंब मेहता, आजाद मेहता, बंधु मेहता, गोविंद मेहता, रोहित मेहता, सूरज मेहता, महेश पासवान, देवनारायण मेहता, बब्लू मेहता सहित कई लोग शामिल रहे। मौके पर समाजसेवी जयप्रकाश मेहता, सकलदेव पासवान, नुनुलाल मेहता, वीरेंद्र कुमार मेहता सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# भाजपा खूंटी जिला अध्यक्ष बने आनंद कुमार, कार्यकर्ताओं में दिखा नया जोश



**संवाददाता**

**खूंटी :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) खूंटी जिला के नए जिला अध्यक्ष के रूप में आनंद कुमार का चयन किया गया है। इसकी आधिकारिक घोषणा पार्टी कार्यालय से की गई। प्रदेश भर में संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया के तहत खूंटी जिले में भी नाम सुमारी के बाद कई नाम सामने आए थे, जिनमें से अंततः आनंद कुमार को जिला की कमान सौंपी गई। घोषणा के बाद भाजपा कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे संगठन में नई ऊर्जा और एकजुटता का स्पष्ट संकेत मिला। लंबे समय बाद जिला कार्यालय में इतनी बड़ी संख्या में कार्यकताओं की उपस्थिति को संगठनात्मक मजबूती के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, पार्टी के भीतर गुटबाजी को लेकर चल रही चचाएँ भी इस मौके पर सिमटती नजर आईं।

कार्यकर्ताओं का मानना है कि नए नेतृत्व के साथ पार्टी आगामी नगर निकाय चुनावों के साथ-साथ भविष्य के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी खूंटी जिले में बेहतर प्रदर्शन करेगी। नए अध्यक्ष के चयन से पार्टी में जोश और आत्मविश्वास का माहौल बना है। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष आनंद कुमार को पूर्व जिला अध्यक्ष शेखर प्रसाद गुप्ता, खूंटी-तोरपा और देवघर के पूर्व विधायक सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने फूल-मालाओं और बुके भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

अपने संबोधन में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष आनंद कुमार ने कहा कि ज्यादा दिन की बात नहीं है, आने वाले नगर पंचायत चुनाव में ही पार्टी की मजबूती और एकता का परिचय मिलेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी में गुटबाजी की जो बातें कही जा रही हैं, उसका मुख्य कारण कार्यकताओं के मान-सम्मान की रक्षा में पूर्व में कुछ कमी रहना रहा है, जिसका खामियाजा लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को यह याद रखना चाहिए कि भाजपा ने खूंटी में आठ बार चुनाव जीते हैं। ह्लमेरा उद्देश्य हर एक पार्टी कार्यकर्ता के मान-सम्मान की रक्षा करना और पार्टी को एक सूत्र में बांधना है, ताकि हम फिर एक बार खूंटी में कमल खिलाएं। इसकी शुरूआत नगर पंचायत चुनाव से ही देखने को मिलेगी,ह्व उन्होंने कहा।

नए जिला अध्यक्ष के चयन से भाजपा खूंटी इकाई में नई जान आने और संगठन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## प्रखंड में कृषकों को पुष्प उत्पादन से जोड़ने की हो रही है पहल

### संयुक्त रूप से इस पहल की सराहना करते हुए इसे कृषकों के लिए लाभकारी बताया



**संवाददाता**

**साहिबगंजः** वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत उद्यान विकास कार्यक्रम के तहत जिला साहिबगंज के बरहेट प्रखंड में कृषकों को पुष्प उत्पादन से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अवसर पर बरहेट प्रखंड के कुल 84 कृषकों के बीच गेंदा फूल के पौधों का वितरण किया गया। यह वितरण जेएसएलपीएस की प्रगतिशील कृषक दीदियों के माध्यम से किया गया जिससे कृषकों की आय में वृद्धि स्वरोजगार को बढ़ावा मिल सके।गेंदा फूल के पौधों का वितरण कार्यक्रम बरहेट प्रखंड के कुसमा पंचायत की मुखिया सुशीला हांसदा के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कृषकों को पुष्प उत्पादन को अपनाकर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम स्थल पर उद्यान विभाग से प्रेम पासवान, बागवान मित्र बाबूजी देव सोरेन, उत्पल ,जेएसएलपीएस के कर्मीगण सहित कई प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से इस पहल की सराहना करते हुए इसे कृषकों के लिए लाभकारी बताया।उद्यान विभाग द्वारा बताया गया कि गेंदा फूल की खेती कम लागत में अधिक लाभ देने वाली फसल है, जिससे कृषकों को त्वरित आय प्राप्त होती है। भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से कृषकों को तकनीकी सहयोग एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाते रहेंगे।

### पड़हा राजा सोमा मुंडा को बाबूलाल मरांडी ने दी श्रद्धांजलि

## परिजनों को दिया हरसंभव सहयोग का भरोसा



**संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी आज खूंटी जिले के चलागी पहुंचे, जहां उन्होंने एलेन पड़हा राजा स्वर्गीय सोमा मुंडा के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि बीते 7 जनवरी की शाम जमुआदाग ग्राम के समीप अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर पड़हा राजा सोमा मुंडा की हत्या कर दी थी, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

इस दुखद घटना के आलोक में श्री मरांडी ने स्व. मुंडा के परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत सोमा मुंडा की पत्नी अमृता मुंडा और उनके बच्चों से लगभग एक घंटे तक बातचीत कर उनकी स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान अमृता मुंडा ने भावुक होते हुए बताया कि पति के असामयिक निधन के बाद उनके सामने पांच बच्चों के भविष्य को लेकर गंभीर चिंता खड़ी हो गई है और अकेले उनके पालन-पोषण व शिक्षा की जिम्मेदारी निभाना एक बड़ी चुनौती है। अमृता मुंडा ने यह भी बताया कि स्व. सोमा मुंडा द्वारा संचालित बिरसा उच्च विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के भविष्य को लेकर वे बेहद चिंतित हैं। उन्होंने आग्रह किया कि सरकार के सहयोग से विद्यालय का संचालन निर्बाध रूप से जारी रहे, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

दिवंगत सोमा मुंडा के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वे झारखंड में ह्लराम राज्यह्व की परिकल्पना करते थे और इसी सोच के तहत निर्भीक होकर सरकार की गलत नीतियों और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते रहे। उन्होंने कहा कि सत्य और न्याय के लिए खड़े रहने की यही कीमत उन्हें अपने प्राणों की आहुति देकर चुकानी पड़ी।

परिजनों से संवाद के दौरान बाबूलाल मरांडी ने बच्चों की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने विशेष रूप से स्व. मुंडा की बड़ी बेटी किरण मुंडा की बीएड की फीस स्वयं के निजी संसाधनों से वहन करने की घोषणा की, जिससे परिवार को बड़ा संबल मिला।

इसके पश्चात श्री मरांडी ने हत्या कांड में शामिल अपराधियों के विरुद्ध चल रही कार्रवाई की जानकारी लेने के लिए खूंटी के पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो से फोन पर बातचीत की। उन्होंने गुनहगारों को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे आम जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बना रहेगा।

इस अवसर पर खूंटी के पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा एवं वर्तमान जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया , ज्योतिष भगत,प्रियांक भगत, आनंद कुमार राम, अनूप साहू, आदि उपस्थित थे। बाबूलाल मरांडी ने उनसे भी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस बीच उपस्थित ग्रामीणों ने उन्हें आगामी 12 जनवरी को हुटार बाजार के समीप जियारप्पा में होने वाले विशाल श्रद्धांजलि समारोह की जानकारी दी और प्रशासन से इसके लिए अनुमति की मांग की। अंत में बाबूलाल मरांडी ने स्व. सोमा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और इसके बाद अन्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए।

## पिछले 20 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत क्रांति आई है : बरकतुल्लाह खान




**साहिबगंज :** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा में केंद्र सरकार द्वारा किए गए बदलावों के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश मे क्रमबद्ध आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है ।जिसकी जानकारी शनिवार को साहिबगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी ।उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम नामक इस राष्ट्रव्यापी जनांदोलन की शुरूआत करते हुए देश के प्रत्येक जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर केंद्र सरकार के बुरे मंशा को उजागर करने का काम किया जा रहा है ।साहिबगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा देश की आत्मा है ।यूपीए सरकार में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गरीबों के लिए काम का अधिकार मनरेगा के रूप में लागू किया था ।कहा कि इस योजना के चलते पिछले 20 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत क्रांति लाई है ।केंद्र सरकार का मनरेगा का नाम बदलने का निर्णय गरीबों के अधिकारों पर हमला है ।हम इस निर्णय के विरोध में पूरे देश मे क्रमबद्ध आंदोलन चलाएंगे ।जिला अध्यक्ष ने आंदोलन की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि आज 11 जनवरी को गांधी चौक पर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के सामने एक दिवसीय उपवास और प्रतीकात्मक विरोध किया जाएगा,12 जनवरी से 29 जनवरी तक पंचायत स्तर पर जनसंपर्क किया जाएगा,30 जनवरी को वार्ड स्तर पर शांतिपूर्ण धरना दिया जाएगा,31 जनवरी से 06 फरवरी तक जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ धरना दिया जाएगा,7 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक राज्य स्तरीय विधानसभा घेराव किया जाएगा ।वही 16 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक क्षेत्रीय एआइसीसी रैलियां की जाएगी ।बरकतुल्लाह खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस बदलाव का पुरजोर विरोध कर रही है ।पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर से लेकर जिला,प्रदेश और केंद्र तक रैलियां आयोजित कर केंद्र सरकार की इस मंशा को कभी सफल नहीं होने देंगे ।प्रेस वार्ता में मो कलीमुद्दीन बासुकीनाथ यादव,सरफराज आलम,नित्यानंद गुप्ता, सतीश पासवान,मो रिजवान,अली कुरैशी एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### मोदीडीह में कंबल वितरण



**मुरी :** रविवार को बासारूली पंचायत अन्तर्गत लेंगाहातु के मोदी डीह में जरूरत मंद ग्रामीण के बीच मुखिया लालू राम उरांव ने कबंल अपने हाथों से दिया गया। करीब, 52 महिला एंव पुरूष को जो 60 साल से उपर है उनको दिया गया, साथ ही विधवा एवं तलाक शुदा महिला को ध्यान रखा गया। मुखिया ने कहा कि अभी और भी जरूरत मंद के बीच कंबल दी जाएगी। ढंड अभी भी है। मौके पर कलुवा डीह के मोहम्द अब्दुल्ला, समेत कई ग्रमीण मौजूद थे। सभी आए लाभुको को सुबह का चाय भी दिया गया।

## कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें : सतीश चंद्रा



**साहिबगंज :** मंडरो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती आदिम जनजाति पहाड़िया बहुल क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए व लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपविकास आयुक्त श्री सतीश चंद्रा ने पंचायती राज पदाधिकारी-सह-सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अनिल कुमार के साथ दामिन भिट्ठा पंचायत बोरियो प्रखंड के वीरवल कांदर व दुर्गा टोला पंचायत के कुल 6 पहाड़िया गांवों का दौरा किया ।दौरे के क्रम में दामिन भिट्ठा पंचायत के तेतरिया और शेरगढ़ गांव, वीरवल कांदर पंचायत के दुल्ले पहाड़ बिजौलिया गांव सहित दुर्गा टोला पंचायत के पोखरिया पहाड़िया गांव में आदिम जनजाति महिला-पुरुषों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं ।उपविकास आयुक्त ने गांवों में पेयजल, सड़क, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य सुविधा, शौचालय, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को शेष कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया ।इस अवसर पर भीषण ठंड को देखते हुए उपविकास आयुक्त एवं पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा 6 पहाड़िया गांवों के जरूरतमंद आदिम जनजाति परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया गया ।उपविकास आयुक्त ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां सामने आई हैं, उन्हें शीघ्र दूर किया जाएगा ।इस अवसर पर स्थानीय ग्राम प्रधानों सहित बड़ी संख्या में पहाड़िया समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में भाषण चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**साहिबगंज :** नगर के महिला महाविद्यालय साहिबगंज में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के 34 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर साहिबगंज महिला महाविद्यालय में सिदो कान्हू मुर्मू के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर प्राचार्य ने सिदो कान्हू के बलिदान को याद किया जबकि महाविद्यालय में भाषण चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.ध्रुव ज्योति सिंह,सहायक अध्यापक डॉ.पूर्णिमा लकड़ा,संध्या शशि खाखा,डॉ सविता, प्रिया हांसदा एवं डॉ.रूबी रश्मि खलखो तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा के दूसरे दिन

# श्री कृष्ण सुदामा की सच्ची मित्रता, जीवंत झांकिया देख कर भक्तजन हुए मंत्रमुग्ध

संवाददाता



**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में पुंदाग, रांची स्थित क्षेत्र के सबसे बड़े श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा के दूसरे दिन संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में डूबा रहा। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा और चारों ओर राधे-राधे एवं जय श्रीकृष्ण के मधुर जयघोष गूंजते रहे।कथा के दूसरे दिन विख्यात कथा वाचक श्री श्री 108 परमहंस डॉ. सदानंद जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी, भावपूर्ण कथा प्रवाह एवं मधुर भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का अमृतमय रसपान कराया। महाराज जी ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से कथा का शुभारंभ करते हुए बताया कि बाल कृष्ण की हर लीला में करुणा, प्रेम और लोककल्याण का संदेश निहित है। इसके पश्चात उन्होंने भगवान शिव द्वारा श्रीकृष्ण का दर्शन करने का प्रसंग, पुतना वध एवं मोक्ष, तथा गोवर्धन पर्वत धारण लीला का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।कथा के क्रम में कंस उद्धार का वर्णन करते हुए महाराज जी ने अधर्म पर धर्म की विजय का गूढ़ संदेश दिया। वहीं गोपी-उद्धव प्रसंग के माध्यम से उन्होंने निष्काम भक्ति और गोपियों के अलौकिक प्रेम की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। रुक्मणी विवाह प्रसंग में श्रीकृष्ण की करुणा, नारी सम्मान और धर्म निष्ठा का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया गया। श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनकर अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं, जहां सच्ची मित्रता और समर्पण की अनुपम मिसाल देखने को मिली। कथा का समापन रासलीला के भावपूर्ण वर्णन से हुआ, जिसने संपूर्ण वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।प्रत्येक प्रसंग के साथ प्रस्तुत की गई मनमोहक एवं जीवंत झांकियों ने कथा को और भी प्रभावशाली बना दिया। झांकियों के माध्यम से श्रीकृष्ण की लीलाएं मानो साक्षात जीवंत हो उठीं, जिसे देखकर भक्तजन मंत्रमुग्ध रह गए। बीच-बीच में गाए गए भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव समाधि की अनुभूति कराई।

इस अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य गुब्बारों एवं रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया।श्री राधा रानी का जड़ित आभूषणों से किया गया, आज कार्यक्रम सांसद राज्यसभा दीपक प्रकाश मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सांसद गुरु जी का आशीर्वाद लिया, उन्हें गुरुजी सम्मानित किये। मंदिर का अलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई तथा अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा का दूसरा दिन श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बन गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि रविवार को कथा के तीसरे एवं अंतिम दिन गुरुजी सुबह 9 बजे से सुबह 11 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा श्री कृष्ण का अंर्त ध्यान प्रसंग पर कथा करेंगे। इस अवसर पर-इस अवसर पर-डूंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल छावनिका, मनोज चौधरी, विजय अग्रवाल,पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल,संजय सर्राफ,नंदकिशोर चौधरी, सज्जन पाड़िया, अरविंद अग्रवाल, पुजारी अरविंद पांडे, रविकांत शास्त्री, पवन तिवारी, विनय सुबा,विशाल जालान, प्रमोद सारस्वत,सुनील पोद्दार, सुरेश चौधरी,विष्णु सोनी, विशाल अग्रवाल, विद्या देवी अग्रवाल, सरोज पोद्दार, उर्मिला पाड़िया, मीनू पाड़िया, कविता गाड़ोदिया, सुनीता अग्रवाल, सुमन चौधरी, संतोष देवी अग्रवाल, शोभा जालान, मनीषा जालान, अमिता जालान, उषा मोदी,आशा मोदी,आशा सिंह, ललिता पोद्दार, शकुंतला केजरीवाल, अनुराधा सर्राफ, सीता शर्मा, रेखा पोद्दार, सरिता अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

## प्रकाशमय हुआ विवेकानंद सरोवर

**रांची :** स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) को ध्यान में रखते हुए रांची नगर निगम ने विवेकानंद सरोवर (बड़ा तालाब) क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था को व्यापक रूप से सुदृढ़ करने का कार्य किया है। रांची नगर निगम ने बड़ा तालाब के चारों ओर तथा पूरे क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए सभी खराब पथ बत्तियों को दुरुस्त किया है, जिससे क्षेत्र पूरी तरह प्रकाशमय हो गया है। इससे न केवल क्षेत्र की सुंदरता में वृद्धि हुई है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा एवं आवागमन में भी सुविधा सुनिश्चित हुई है। रांची नगर निगम का यह प्रयास स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नगर निगम ने कहा है कि आगे भी शहर के प्रमुख स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य निरंतर जारी रहेगा।




## 12 साल बाद भारत पहुंची फीफा वर्ल्ड कप

**रांची:** फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले ओरिजनल फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी भारत पहुँची है, जो 12 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद देश में लौटी है। इस वैश्विक ट्रॉफी टूर के माध्यम से भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों को दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित खेल प्रतीकों में से एक को करीब से देखने का अवसर मिल रहा है। यह ट्रॉफी टूर फीफा और कोका-कोला के बीच 50 वर्षों से अधिक पुरानी साझेदारी का हिस्सा है, जिसके तहत ट्रॉफी 30 देशों में 75 से अधिक पड़ावों से होकर गुजरेगी। 18 कैरेट सॉलिड गोल्ड से बनी और 6.175 किलोग्राम वजन वाली यह ट्रॉफी वर्ष 1974 से अपने वर्तमान स्वरूप में है। इस अवसर पर संकेत रे (प्रेसिडेंट, कोका-कोला इंडिया एवं साउथवेस्ट एशिया) ने कहा कि फीफा के साथ दशकों पुरानी साझेदारी के जरिये ऐसे ऐतिहासिक खेल क्षणों को भारतीय दर्शकों तक पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी की ओर से ट्रॉफी टूर के दौरान स्वच्छता और ज़िम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने की पहल भी की जा रही है।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

संख्या: डब्ल्यू.ए/एसजी/2025-26, दिनांक 08.01.2026 मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल व दूरसंचार) उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संख्या: 1. म.रे.प्र.(सिग व दूरसंचार)-35-2025-26-पुनः निविदा। 2. म.रे.प्र.(सिग व दूरसंचार) 39-2025-26. कार्य का नाम: 1. अजमेर मंडल: अजमेर मंडल पर एस एंड टी परिसंपत्तियों के लिए पेंटिंग और लेबल/अक्षरांकन कार्य का प्रावधान। 2. अजमेर मंडल: अजमेर मंडल, एनडब्ल्यूआर में एडीएन/फालना के अधिकार क्षेत्र में यात्री चलने वाली लूप लाइन पर 60 किलोग्राम रेल के साथ सी/डब्ल्यू मदार करजोडा सीटीआर (पी) में विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित कार्य का प्रावधान 13.56 किमी। अनुमानित लागत: 1. ₹ 2,37,38,736.30; 2. ₹ 12,28,779.28. बयाना राशि: 1. ₹ 2,68,700.00; 2. ₹ 24,600.00. ई–निविदायें खोलने की तिथि व समय दिनांक 03.02.2026 को 15.30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट का पता www.ireps.gov.in.

59-PM/26

हमें @NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें

**कार्यपालक अभियंता (यौंत्रिक) का कार्यालय सिंचाई यौंत्रिक ग्रमण्डल, राँची (बैरेक नं0–03, नेपाल हाउस)**


**आवश्यक सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 540 दिनांक 22–12–2025 के द्वारा आमंत्रित एवं P R No 369234 Water Resource (25-26).D के द्वारा प्रकाशित ई– निविदा आमंत्रण सूचना सं0–19/2025–26 को अधीक्षण अभियंता, सिंचाई यौंत्रिक अंचल, राँची के द्वारा रदद् कर दिया गया है।

PR 370552 Water Resource(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यौंत्रिक प्रमण्डल, राँची

## श्री रामकृष्ण सेवा संघ ने धूमधाम से मनाया कल्पतरु उत्सव



**रांची :** शहर की सामाजिक व धार्मिक-आध्यात्मिक संस्था श्री रामकृष्ण सेवा संघ (आरकेएसएस) की ओर से निवारणपुर आश्रम में कल्पतरु उत्सव का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरकेएसएस के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री रामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव और जान-माने समाजसेवी तुषार कांति शीट ने बताया कि हर वर्ष संघ की ओर से निवारणपुर सेवाश्रम में कल्पतरु उत्सव का आयोजन किया जाता है। महोत्सव में श्रृद्धालुओं के बीच महाभोग प्रसाद का भी वितरण किया गया। उत्सव को सफल बनाने में शैवाल बनर्जी,विवेक रॉय,नवनीता मारीक,बिथिका बनर्जी,असीम चक्रवर्ती, डॉ.स्मिता डे, सुकृति भट्टाचार्य,आलोक सिन्हा, छंदा घोष,तन्मय मुखर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर काफी संख्या में भक्त गण उपस्थित थे।

## आपसी प्रेम व संस्कृति का पहचान टुसू : देवेंद्रनाथ महतो

**रांची :** अघन संक्रांति के साथ ही राज्य में टुसू पर्व आरंभ हो चुकी है। समृद्ध लोक संस्कृति एवं परंपरा के साथ इस पर्व को पूरे राज्य भर में मनाया जा रहा है। आज रविवार को राजधानी रांची के केंद्र बिंदु अल्बर्ट एक्का चौक में मनाया गया। यह मेला झारखंडी भाषा खतियान संस्कृति समिति के द्वारा किया गया। बड़े ही धूमधाम के साथ टुसू गीत,नृत्य,वेशभूषा,लोक वादक एवं रंग-बिरंगी टुसू चोडल का आकर्षक प्रस्तुति देखने को मिला। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से टुसू प्रतिभागियों ने अपना झांकियां प्रस्तुति किया। मौके पर विधिवत रूप से टुसू थापन, पूजन एवं वंदना किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि यह पर्व सामाजिक समरसता एवं संपूर्ण सामाजिक एकता के साथ प्रकृति से जुड़ने का परब है। आज के युवा पीढ़ी भी अपने लोक संस्कृति परंपरा को लेकर आगे बढ़ने का जरुरत है। इस पारम्परिक मेला में युवाओं, महिलाओं के साथ-साथ बुजुर्ग पिंडी में भी जोश एवं उत्साह देखने को मिला।

## अतिक्रमण की सटीक जानकारी के लिए ड्रोन मैपिंग कराई जाए : प्रशासक

**रांची :** रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने शनिवार को निगम के पदाधिकारियों के साथ वार्ड संख्या-45, डोरंडा बाजार स्थित लगभग एक एकड़ निगम भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में डोरंडा थाना के समक्ष मार्केट, झंडा चौक एवं क्षेत्र के सभी कनेक्टिंग मार्गों के आसपास व्याप्त अतिक्रमण एवं अव्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। मौके पर प्रशासक ने कहा कि शहर में की सभी अव्यवस्थाओं को खत्म करने के लिए नगर निगम द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शहर को जाम मुक्त, अतिक्रमण मुक्त बनाना एवं निगम की भूमि का जनहित में समुचित उपयोग सुनिश्चित करना ही निगम का प्रमुख लक्ष्य है। निरीक्षण के दौरान प्रशासक सुशांत गौरव ने निर्देश दिया कि संबंधित जोन एवं वार्ड के सभी पदाधिकारी, रेवेन्यू इंस्पेक्टर एवं नगर निवेशक की टीम को पूरे मुख्य मार्गों एवं कनेक्टिंग पथों की मापी कर विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित करें। साथ ही, पूरे क्षेत्र में अतिक्रमण एवं अव्यवस्थाओं की सटीक जानकारी के लिए ड्रोन मैपिंग कराई जाए।

नगर निगम के प्रशासक ने इनफोर्समेंट शाखा को क्षेत्र में वृहद स्तर पर विशेष अभियान चलाकर मार्गों एवं अवैध निर्मित संरचनाओं को हटाने का भी निर्देश दिया। कहा कि सभी मार्गों में टर्निंग प्वॉइंट पर अवैध संरचनाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अभियंत्रण शाखा को उक्त भूमि पर वेंडर्स के सुव्यवस्थित पुनवार्स एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए प्रस्तावित जी:-2 मॉर्डन रोड-साइड वेंडर मार्केट के प्रस्ताव को शीघ्र धरातल पर लाने का निर्देश दिया।

नगर निगम प्रशासक सुशांत गौरव ने लेबर चौक के विकास कार्य में गति लाने का भी निर्देश दिया। साथ ही, क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने एवं नागरिकों के सुगम आवागमन के लिए जनता की मांग के अनुरूप अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने को कहा। इस स्थल पर व्यवस्थित पार्किंग स्थल का निर्धारण करने एवं क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के निवासियों एवं वेंडर्स की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शौचालयों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखा जाए।

नगर निगम प्रशासक ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि सड़कों पर कूड़ा-कचरा नहीं फेंकें एवं अतिक्रमण से बचें, ताकि शहर को सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुंदर स्वरूप प्रदान किया जा सके।

निरीक्षण दल में अपर प्रशासक संजय कुमार, सहायक प्रशासक, नगर प्रबंधक, जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर शामिल थे।

## स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर में सैकड़ों लोग पहुंचे



गुलाम शाहिद

**रांची :** हजरत अली (अ.स.) के जन्मदिन (विलादत) के पावन अवसर पर रांची स्थित अंजुमन प्लाजा में स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आम नागरिकों के लिए निःशुल्क चिकित्सा जांच, आवश्यक दवाइयों का वितरण तथा रक्तदान की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सैकड़ों मरीजों ने मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, वहीं अनेक युवाओं और सामाजिक कार्यकताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवीय सेवा का परिचय दिया। आयोजन स्थल पर सेवा, सहयोग और भाईचारे का वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हजरत अली (अ.स.) की शिक्षाएं इंसानियत, न्याय और समाजसेवा का संदेश देती हैं। उन्हीं शिक्षाओं से प्रेरित होकर आयोजित यह शिविर धार्मिक आस्था और सामाजिक दायित्व का सुंदर संगम है, जो जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में सहायक सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम का सफल आयोजन सैयद अनवर जैदी एवं लहू बोलेगा टीम द्वारा किया गया। आयोजकों ने रक्तदाताओं, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

शिविर में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी भी पहुंचे और उन्होंने अपनी आंखों की जांच कराई। इस दौरान उन्होंने लहू बोलेगा टीम के सदस्यों से मुलाकात कर उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में समाजसेवी संस्था माही के अध्यक्ष इबरार अहमद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने पड़हा राजा के परिजनों को हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**खूंटी :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की तथा सांसद कालीचरण मुंडा ने शनिवार को खूंटी जिले में हाल ही में हुई दो बड़ी घटनाओं से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। नेताओं ने पड़हा राजा सोमा मुंडा की हत्या और डोड़मा में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में मृत सुनील भेंगरा एवं फादर के सहकर्मी फादरों के परिजनों से मिलकर उनके दुख में सहभागी बने। कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवारों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने खूंटी के पुलिस अधीक्षक से भी मुलाकात कर सोमा मुंडा हत्याकांड में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी सजा दिलाने की मांग की। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की कि पीड़ित परिवारों को त्वरित सहायता और मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने खूंटी के चलागी और डोड़मा गांव पहुंचकर मृतकों के स्वजनों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं।

### रांची में गणतंत्र दिवस की तैयारी तेज

# मोरहाबादी मैदान में परेड की झलक के बीच झांकियां होंगी आकर्षण का केंद्र



संवाददाता

**रांची:** गणतंत्र दिवस समारोह 2026 को लेकर रांची जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं. उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई. जिसमें समारोह के सफल आयोजन के लिए जरुरी दिशा-निर्देश दिए गए.

**व्यवस्थाओं को मिली अंतिम रूप देने की ताकीद :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि मोरहाबादी मैदान में होने वाला यह समारोह रांची की प्रतिष्ठा से जुड़ा आयोजन है, इसलिए हर स्तर पर पूर्ण तैयारी सुनिश्चित की जाए. उन्होंने तमाम विभागों के पदाधिकारियों को कार्य आवंटित करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है.

**झांकी बनेगी आकर्षण का केंद्र :** इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में झारखंड की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और सरकारी नीतियों से प्रेरित झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी. उपायुक्त ने बताया कि कुल 12 विभागों की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी, जिनमें, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, ग्रामीण विकास, शिक्षा विभाग, कृषि, पर्यटन एवं संस्कृति, स्वास्थ्य, परिवहन तथा महिला बाल विकास विभाग प्रमुख है. इन झांकियों के माध्यम से राज्य की ऐतिहासिक धरोहर, सामाजिक योजनाएं और सांस्कृतिक वैभव को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

**15 प्लाटून और 3 बैंड दिखाएंगे परेड का दम :** इस समारोह में सुरक्षा बलों और एनसीसी के लगभग 15 प्लाटून और 3 बैंड भाग लेंगे. 18 जनवरी से परेड अभ्यास शुरू होगा, जो 24 जनवरी तक जारी रहेगा. उपायुक्त ने सभी विभागों को तय समय सीमा में तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया है।

**झारखण्ड सरकार**
**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला सूचना एवं जनसम्पर्क इकाई, खूँटी)**

**अति अल्पकालीन निविदा**

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) 2026 के अवसर पर कचहरी मैदान, खूँटी में सूचना एवं जनसंपर्क इकाई, खूँटी की झांकी निमार्ण **महिला सशक्तिकरण (विभिन्न क्षेत्रों में खूँटी जिला की महिलाओं का उतकृष्ट प्रदर्शन)** हेतु अनुभवी संस्थानों/फर्मो से दिनांक 20/01/2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक टर्न की आधार पर सालवेज वैल्यू सहित मुहरबंद निविदा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय के नाम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे क्रय समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाएगी।

नोट – निविदा के नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट तथा वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं http://prdjharkhand.in पर उपलब्ध है।

उपायुक्त,
खूँटी

PR 370513 IPRD(25-26).D

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(जिला पंचायत राज शाखा)**
**ई-मेल- dprohazpanchayat2025@gmail.com**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण संख्या–03/2026**

नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के निमित्त कम्प्यूटर/फोटोकॉपीयर/प्रिंटर/लैपटॉप/डेस्कटॉप एवं भोजन, अल्पाहार आदि के दर निर्धारण हेतु प्राधिकृत आपूतिकर्ताओं से दिनांक–12/01/2026 से 22/01/2026 के 5:00 बजे अपराह्न तक (अवकाश दिवस को छोड़कर) निविदा आमंत्रित की जाती है एवं दिनांक–24.01.2026 समय 1:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त के सभाकक्ष में निविदा खोला जाएगा। विस्तृत विवरण Website- www.hazaribag.nic.in पर एवं जिला पंचायत राज कार्यालय में देखा जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
(नगरपालिका)–सह–उपायुक्त,
हजारीबाग

PR 370572 Panchayati Raj (25-26)_D

**कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)**

ज्ञापांक – दिनांक –

**अति अल्पकालीन दर निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 22/25-26**

| | | |
|---|---|---|
| कार्यालय का नाम | – | नगर पंचायत ,बुंडू |
| विज्ञापनदाता का पदनाम | – | कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर पंचायत ,बुंडू (रांची) |
| कोटेशन प्राप्ति की तिथि | – | दिनांक 17-01-2026 को 2:00 बजे अपराह्न |
| कोटेशन खोलने की तिथि | – | दिनांक 17-01-2026 को 3:00 बजे अपराह्न |

| क्रम | कार्य का नाम | दर |
|---|---|---|
| 1 | •13th Generation Intel® Core™ i5 processor<br>•Windows 11<br>•68.6 cm (27) diagonal FHD display<br>•Intel® Integrated Graphics<br>•16 GB DDR4-3200 RAM<br>•1 TB SSD Hard Drive<br>With WIRELESS KB AND MOUSE | 01 |
| 2 | •AMD Ryzen Processor 3<br>•Windows 11 Professional<br>•54.5 cm (21.5) diagonal FHD display<br>•8 GB DDR4 RAM<br>•512 GB SSD<br>With KB AND MOUSE | 01 |
| 3 | LaserJet 126a All-In-One Laser Printer | 01 |
| 4 | Computer UPS 1000 Va | 01 |

शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 370554 Urban Development(25-26).D



किसी भी छात्र के लिए उसके करियर ऑप्शन का चयन करना एक बेहद ही महत्वपूर्ण निर्णय है। एक बार जब छात्र अपनी ग्रेजुएशन कंप्लीट कर लेते हैं तो वे अपने करियर को एक शेप देना चाहते हैं। आर्ट्स में बैचलर डिग्री यानी बीए एक ऐसा कोर्स है, जिसे अधिकतर बच्चे चुनते हैं।

# बी.ए. करने के बाद इन करियर फील्ड में करें ट्राई

आटर्स स्ट्रीम के बच्चों के लिए बीए करना एक बेहतर ऑप्शन माना जाता है। हालांकि, इसके बाद आप पोस्ट ग्रेजुएशन भी कर सकते हैं। इसमें आप इंग्लिश से लेकर पॉलिटिक्स और मनोविज्ञान तक किसी खास विषय को चुनते हैं।

अमूमन यह माना जाता है कि बीए करने के बाद करियर ऑप्शन सीमित हो जाते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। आप बीए करने के बाद कई अलग-अलग फील्ड में अपना करियर देख सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि बीए करने के बाद आप किन फील्ड में करियर बना सकते हैं-

## जर्नलिज्म में आजमाएं हाथ

बीए करने के बाद एडवरटाइजिंग या जर्नलिज्म की फील्ड में करियर के अवसर देखे जा सकते हैं। आप बीए करने के बाद जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन से जुड़ा कोर्स कर सकते हैं। इसके बाद आप टीवी से लेकर रेडियो, अखबार व ऑनलाइन वेबसाइट्स आदि के लिए काम कर सकते हैं। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग से लेकर डिजिटल जर्नलिज्म, पॉडकास्ट, ब्लॉग और एड आदि सभी इस फील्ड से जुड़े हुए हैं।

## सिविल सर्विसेज की करें तैयारी

अगर आप चाहें तो बीए करने के बाद सिविल सर्विसेज एग्जाम जैसे यूपीएससी आदि की तैयारी कर सकते हैं। इसके अलावा, स्टेट लेवल एग्जाम का हिस्सा बनें।

अगर आप इसे क्लीयर कर पाते हैं तो आपको बिना किसी परेशानी के आसानी से गवर्नमेंट जॉब मिल जाती है और गवर्नमेंट सर्विसेज का हिस्सा बन जाते हैं।

## करें प्रोफेशनल राइटिंग

बीए करने के बाद आप प्रोफेशनल राइटिंग के क्षेत्र में भी हाथ आजमा सकते हैं। आमतौर पर, यह एक क्रिएटिव फील्ड है, जिसमें आप अपने विचारों को बेहद ही खास तरह से पेश करते हैं। यदि आपके पास साहित्य में डिग्री है, तो आप निश्चित रूप से क्रिएटिव राइटिंग की फील्ड में काम कर सकते हैं। आप स्क्रिप्ट, से लेकर भाषण, स्क्रीनप्ले, कविताएं आदि लिख सकते हैं। अगर आपका लेखन अच्छा है तो आप प्रोफेशनल राइटिंग करके अच्छी खासी कमाई कर सकती है।

## करें लॉ

अगर आप बीए की डिग्री हासिल करने के बाद अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं, तो आप बैचलर ऑफ लॉ या एलएलबी चुन सकते हैं। इस तीन साल के कोर्स के बाद आपको लीगल रीजनिंग से लेकर एनवायरनमेंटल लॉ, इंश्योरेंस लॉ आदि की गहन जानकारी हो जाती है। आप चाहें तो इसके बाद एलएलएम भी कर सकते हैं।

## करें बिजनेस मैनेजमेंट

बीए करने के बाद आप बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा कर सकते हैं। यह एक साल का शॉर्ट टर्म कोर्स है, जिसमें छात्रों को अलग-अलग बिजनेस एक्टिविटीज और मैनेजमेंट से जुड़े सिद्धांतों का ज्ञान मिलता है। इसके बाद आप कई अलग-अलग आर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर काम कर सकते हैं या फिर खुद का बिजनेस भी सेटअप कर सकते हैं।



# बॉस से छुट्टी मांगते वक्त इन बातों का रखें खास ध्यान

**बॉस से छुट्टी मांगना आमतौर पर आसान नहीं होता है। कई बार प्लान बनाने से पहले ही सोचना होता है कि छुट्टी कैसे मिलेगी। हालांकि, कई बार छुट्टी लेने के कुछ और तरीकों को भी अपनाकर आप अपने बॉस से लंबी छुट्टी ले सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि जब आप अपने बॉस से छुट्टी मांगने जाते हैं तो आपको किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।**

## प्री प्लान करें

छुट्टी के लिए अचानक से बोलने पर हो सकता है कि आपको छुट्टी नहीं मिले। अगर आपको छुट्टी चाहिए तो आपको अपने बॉस से पहले से बात कर लेना चाहिए। ऐसे में आपको आसानी से छुट्टी मिल सकती है। इसके अलावा, आपकी गैर-मौजूदगी में आपका काम कौन संभालने वाला है, इसके बारे में भी आपको अपने बॉस से बात कर लेना चाहिए।

## बैकअप प्लान करें

लंबी छुट्टी अप्लाई करते समय आपको बैकअप का प्लान तैयार कर लेना चाहिए, ताकि आपकी गैर-मौजूदगी में किसी भी तरह की दिक्कत आती है, तो आपको ज्यादा परेशान होने की जरूरत ना हो। बैकअप बनाने के बाद अगर आप छुट्टी के लिए अप्लाई करते हैं, तो आपको आसानी से छुट्टी मिल जाएगी।

## छुट्टी का कारण

अगर आपको अचानक छुट्टी चाहिए, तो सॉलिड कारण लेकर ही बॉस के पास छुट्टी मांगने जाना चाहिए। अगर आप यह बोलेंगे कि आपको घूमने जाना है, तो हो सकता है कि आपको छुट्टी न मिल पाए। ऐसे में आपको पहले से कारण तैयार रखना होगा कि आपको अपने बॉस से क्या कहना है।

## बॉस का मूड देखकर बात करें

आपको छुट्टी मांगने से पहले अपने बॉस का मूड देख लेना चाहिए। अगर आपके बॉस का मूड अच्छा है, तो आपको तुरंत छुट्टी मिल सकती है। बॉस का मूड खराब होने पर आपको छुट्टी मिलने में दिक्कत हो सकती है। ऐसे में मूड के हिसाब से ही आपको बात करना चाहिए।



# अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करती है साइंस की फील्ड

**साइंस के क्षेत्र में अच्छे कोर्स करने के बाद, छात्र मालामाल हो सकते हैं, जो उन्हें अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान कर सकते हैं। यहां कुछ कोर्स हैं जो छात्रों को साइंस क्षेत्र में सफलता की ओर ले जा सकते हैं। इन कोर्स के साथ-साथ, छात्रों को निरंतर अध्ययन करने का प्रैक्टिकल अनुभव भी मिल सकता है।**

## स्पेस टेक्नोलॉजी

स्पेस टेक्नोलॉजी, विज्ञान की वह शाखा है, जिसके अंतर्गत कॉस्मोलॉजी, स्टारर साइंस, एस्ट्रोफिजिक्स, प्लेनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी आदि विषयों का अध्ययन किया जाता है। इस विषय में डिग्री हासिल करने के बाद आप स्पेस साइंटिस्ट, एस्ट्रोनॉमर, एस्ट्रोफिजिसिस्ट, मैटीरियोलॉजिस्ट, क्वालिटी एश्योरेंस स्पेशलिस्ट, रडार टेक्नीशियन, सेटेलाइट टेक्नीशियन आदि के रूप में नासा, इसरो एवं डीआरडीओ जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में काम के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। स्पेस टेक्नोलॉजी के लिए योग्यता फिजिक्स, केमिस्ट्री व मैथमेटिक्स के साथ बारहवीं होनी चाहिए। ये प्रोग्राम पास करने के बाद आप स्पेस साइंस के बैचलर प्रोग्राम में दाखिला ले सकते हैं। इसके लिए आपको ऑल इंडिया लेवल पर आयोजित प्रवेश परीक्षा पास करनी होगी। स्नातक के बाद आप मास्टर्स कर सकते हैं। आप अगर इस क्षेत्र में स्पेशलाइजेशन प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपको पीएचडी करना होगा।

**कहां से करें कोर्स**

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- तिरुवनंतपुरम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, भुवनेश्वर।
- आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जरवेशनल साइंसेज,
- नैनीताल इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, बेंगलुरु।

## फूड टेक्नोलॉजी

अच्छे खानपान का शौक रखने के साथ फूड प्रोडक्ट में प्रयोग होने वाले रसायनों, खाद्य पदार्थों के रखरखाव, उन्हें पैक करने के तरीकों एवं मार्केटिंग से संबंधित बातों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए फूड साइंस एवं टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग में एक बेहतरीन करियर ऑप्शन बन कर उभरा है। एक फूड टेक्नोलॉजिस्ट के रूप में छात्र फूड प्रोसेसिंग कंपनियों, फूड रिसर्च लेबोरेटरी, होटल, रेस्टोरेंटों, एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में करियर की संभावनाएं तलाश सकते हैं।



**योग्यता क्या होगी?**

इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथ्स या होम साइंस के साथ 12वीं पास होना अनिवार्य है। इसके बाद आप फूड साइंस, केमिस्ट्री या माइक्रोबायोलॉजी में बैचलर डिग्री कर सकते हैं। बैचलर डिग्री करने के बाद फूड केमिस्ट्री, मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस और अन्य क्षेत्रों में एडवांस डिग्री भी कर सकते हैं। आप चाहें तो डायटेटिक्स एंड न्यूट्रिशन और फूड साइंस एंड पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में डिप्लोमा कर सकते हैं। स्नातक के बाद परास्नातक व रिसर्च करने का विकल्प भी है।

**कहां से करें कोर्स**

- सेंट्रल फूड टेक्नोलॉजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रॉप प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी
- नेशनल एग्री फूड बायो टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट
- राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कोटा
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन
- नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट अन्ना यूनिवर्सिटी

## मरीन इंजीनियरिंग

मरीन इंजीनियरिंग असल में इंजीनियरिंग की एक शाखा है, जिसमें जहाजों, नावों, पनडुब्बियों और अन्य जलयानों को डिजाइन किया जाता है। मरीन इंजीनियर समुद्री जहाज के सफलतापूर्वक संचालन में अहम भूमिका निभाते हैं और समुद्र एवं उसके आसपास उपयोग की जाने वाली मशीनों का डिजाइन, रखरखाव, निर्माण करते हैं। इस विषय में डिग्री हासिल करने के बाद आप गवर्नमेंट एवं प्राइवेट शिपिंग कंपनियों, से क्राफ्ट डिजाइनिंग एवं बिल्डिंग, इंजन प्रोडक्शन फर्म में आकर्षक जॉब हासिल कर सकते हैं। मरीन इंजीनियर के लिए भारत और विदेश में भी करियर के अवसरों की एक विस्तृत गुंजाइश है। भारतीय नौसेना के पनडुब्बी विभाग में जॉब कर सकते हैं।

**योग्यता क्या होगी?**

- साइंस बैकग्राउंड के छात्र मरीन इंजीनियरिंग या ओशेन इंजीनियरिंग में बीई या बीटेक कोर्स के साथ इस करियर में दाखिल हो सकते हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग के बाद इस विषय में मास्टर्स कर सकते हैं।

**कहां से करें कोर्स**

- इंडियन मेरीटाइम यूनिवर्सिटी, कोलकाता
- आईआईटी मद्रास
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस मरीन इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराते हैं।

## फॉरेंसिक साइंस

फॉरेंसिक साइंस आपराधिक न्याय प्रणाली का एक अहम हिस्सा है। फॉरेंसिक साइंटिस्ट किसी घटना से जुड़े छोटे-छोटे सुराग के जरिये मुजरिम तक पहुंचने और उनसे संबंधित वैज्ञानिक पहलुओं को समझने के काम करते हैं। आप अगर साइंस बैकग्राउंड के छात्र हैं और जुर्म करने वाले को किसी भी हाल में सामने लाने का जुनून रखते हैं, तो फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रवेश कर सकते है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट के लिए सरकारी और प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में जॉब के मौके उपलब्ध हैं। गवर्नमेंट सेक्टर में आप इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई), स्टेट पुलिस फोर्स के क्राइम सेल, गवर्नमेंट व स्टेट फॉरेंसिक लैब में काम कर सकते हैं। वहीं, प्राइवेट सेक्टर में प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी में फॉरेंसिक एक्सपर्ट बन सकते हैं। आप चाहें तो फॉरेंसिक टीचर के रूप में भी करियर बना सकते हैं।

**योग्यता क्या होगी?**

साइंस स्ट्रीम से बारहवीं पास करने के बाद आप फॉरेंसिक साइंस में स्नातक कर सकते हैं। स्नातक के बाद फॉरेंसिक साइंस और क्रिमिनोलॉजी में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं, मास्टर करने के लिए आपको फिजिक्स, केमिस्ट्री, जूलॉजी, बॉटनी, बायो केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, बी फार्मा, बीडीएस और एप्लाइड साइंस में से किसी एक विषय के साथ न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों से स्नातक पास करना होगा। अगर आप फॉरेंसिक स्पेशलिस्ट बनना चाहते हैं, तो आपको एमबीबीएस डिग्री प्राप्त करनी होगी और इसके बाद फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी में एमडी भी करना होगा।

**कहां से करें कोर्स**

- लोक नायक जयप्रकाश नारायण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिमिनोलॉजी एंड फॉरेंसिक साइंस, दिल्ली
- सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, हैदराबाद
- सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, चंडीगढ़
- डॉ भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी, आगरा
- गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी
- बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी

इन संस्थानों से आप बीएससी इन फॉरेंसिक साइंस, डिप्लोमा इन फॉरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी, डिप्लोमा इन फॉरेंसिक साइंस एंड लॉ, एमएससी इन क्रिमिनोलॉजी एंड फॉरेंसिक साइंस, एमएससी इन साइबर फॉरेंसिक्स एंड इनफॉर्मेशन सिक्योरिटी आदि कोर्स कर सकते हैं।



# नीट यूजी के लिए ऐसे करें अप्लाई

भारत में मेडिकल प्रोग्राम को आगे बढ़ाने के लिए, उम्मीदवारों को नीट के लिए परीक्षा दिशानिर्देशों का पालन करना होता है, जो कई कैटेगरी से आने वाले छात्रों के लिए अलग-अलग होती हैं। नीट में शामिल होने के लिए, उम्मीदवारों को एनटीए के तरफ से तय की गई नीट की एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरी करनी होगी। चूंकि, इस बार एनटीए ने नीट के लिए एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया बदल दी है, इसमें बिना जीव विज्ञान विषय पढ़े छात्र भी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। आयोग ने नीट में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए चिकित्सा क्षेत्र के में विस्तार करने का अहम फैसला लिया है। अब, अलग से विषय के तौर पर जीव विज्ञान या जैव प्रौद्योगिकी पढ़ने वाले उम्मीदवार भी नीट की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इस तरह ऐसे छात्र डॉक्टर बनने का अपना सपना पूरा कर सकते हैं।

## नीट यूजी के लिए स्टेप-बाय-स्टेप ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन

- सबसे पहले, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ऑफिसियल वेबसाइट https://neet.nta.nic.in/ पर जाएं।
- अब, वेबसाइट पर "New Registration" के लिंक को सर्च करके क्लिक करें। अपनी पर्सनल जानकारी, जैसे नाम, डेट ऑफ बर्थ, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर दर्ज करें। कोशिश करें कि स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूरी कर लें।
- फिर अपने रजिस्टर्ड ईमेल आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल करके लॉग इन करें।
- इसके बाद "Fill Application Form" के सेक्शन में जाएं और सभी जानकारी सावधानी से भरें। आपको अपनी निजी जानकारी, एकेडमिक एलिजिबिलिटी, एग्जाम सेंटर से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। यह ध्यान रखें कि सभी जानकारी सही और सटीक हैं।
- डॉक्यूमेंट अपलोड करें, जैसे पासपोर्ट साइज फोटो, सिग्नेचर, 10 वीं और 12 वीं की मार्कशीट आदि। अपलोड किए गए डॉक्युमेंट के साइज और फॉर्मेट वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों के मुताबिक होनी चाहिए।
- एप्लीकेशन फीस का ऑनलाइन पेमेंट करें। पेमेंट के लिए आपको क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- पूरी जानकारी भरने और डॉक्यूमेंट अपलोड करने के बाद, एप्लीकेशन फॉर्म को अच्छी तरह से चेक कर लें। फॉर्म में सारी जानकारी सही होने पर "Final Submit" बटन पर क्लिक करें।

## जरूरी बातें

- अप्लिकेशन फॉर्म भरते समय सावधानी बरतें और किसी भी गलती से बचें, वरना अप्लिकेशन फॉर्म रिजेक्ट हो सकता है।
- एप्लीकेशन फीस का पेमेंट समय से पहले ही कर लें।
- सभी जरूरत के डॉक्यूमेंट अपलोड करें।
- एप्लीकेशन जमा करने से पहले उसकी प्रूफरीडिंग कर लें।
- अधिक जानकारी के लिए एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट से संपर्क करें।

**इन टिप्स को करें फॉलो**

- परीक्षा की तैयारी के लिए NCERT की किताबों को पढ़ें।
- पिछले सालों के क्वेश्चन पेपर का प्रैक्टिस करें।
- पेपर से पहले ऑनलाइन मॉक टेस्ट दें।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।

**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

प्री बोर्ड परीक्षा के निमित पुरस्कार सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# शिक्षा विभाग की पूरी टीम ने उम्मीद से बेहतर कार्य किया : उपायुक्त

संवाददाता

**धनबाद :** मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट के वार्षिक परीक्षा 2026 की तैयारी के निमित्त जिले में उपायुक्त आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार प्री बोर्ड के परीक्षा के आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करने एवं शेष सभी विद्यालयों का परिणाम अनुकूल प्राप्त करने के उद्देश्य से आज न्यू टाउन हॉल में पुरस्कृत करने हेतु पुरस्कार सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्री बोर्ड परीक्षा के निमित प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 691 विद्यार्थियों को उपायुक्त, एसएसपी, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, एसडीएम द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों के शिक्षकों, शिक्षा विभाग के कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने कहा कि आज एक छोटा सा कार्यक्रम करके ही सही किंतु हम लोगों ने प्रयास किया है कि कुछ विद्यार्थियों को सम्मान स्वरूप कुछ उपहार दें। उन्होंने बच्चों से कहा की यहां से वापस विद्यालय जाकर और मेहनत करना होगा। 15 जनवरी से दूसरी प्री बोर्ड होने है उसके भी टॉपर्स को हम जिला स्तर पर कार्यक्रम करके सम्मानित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि फाइनल बोर्ड एग्जाम के टॉपर्स को हम झारखंड दर्शन और टॉप 30 को जिला प्रशासन भारत भ्रमण में दिल्ली भेजेगा। अब यह आप पर



है कि आप उसे लिस्ट में आते हैं या नहीं, इसलिए आप बेहतर तैयारी करें हम सभी जिला प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने कहा कि पूरे शिक्षा विभाग की टीम को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने उम्मीद से कहीं बेहतर कार्य किया और आज मेरे हिसाब से शिक्षा परियोजना धनबाद पूरे राज्य के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरा है। धनबाद जिला आगामी बोर्ड परीक्षाओं में पूरे राज्य में शीर्ष प्रदर्शन करें और राज्य के शीर्ष टॉपर्स में आधे बच्चे हमारे धनबाद के हो इसी भरोसे के साथ में सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देता हूं। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि धनबाद जिला अभी 13वें स्थान पर है इस बार की बोर्ड परीक्षा में उम्मीद करते है कि हम प्रथम स्थान हासिल करें। इसके लिए आप सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों को कड़ी मेहनत करनी है। प्री बोर्ड परीक्षा में जो गलतियां हुई होंगी उसे सुधार करनी है। मोबाइल फोन और इंटरनेट का प्रयोग काफी संभल कर करना है। सोशल मीडिया से दूरी बनाते हुए पढ़ने के उद्देश्य से ही फोन का प्रयोग करें। अपने दिमाग से सरकारी स्कूल और प्राइवेट स्कूल को बाहर निकले और हमेशा यही सोचें कि हम सबसे बेहतर है। जिला प्रशासन की ओर से सभी संसाधन आप तक पहुंचाए जा रहे हैं, कड़ी परिश्रम करें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने कहा कि जिला के हर बच्चे में ये क्षमता है कि वो बोर्ड में अच्छा प्रदर्शन करेंगे उन्होंने कहा कि अपने अंदर की पढ़ने तथा अच्छा प्रदर्शन करने की छोटी सी आग को ज्वालामुखी बनाए।

# बेबी वर्मा ने सैकड़ों युवतियों को दी हौसलों की उड़ान, हो सकेंगे आत्मनिर्भर

- एसबी ब्यूटीपार्लर में प्रशिक्षण पूर्ण करने वालों प्रशिक्षणार्थियों को मिला प्रमाण पत्र







संवाददाता

**इटखोरी :** इटखोरी चौक स्थित मशहूर एसबी ब्यूटीपार्लर में संचालिका बेबी वर्मा से ब्यूटीशियन का कोर्स पूरा करने वाली प्रशिक्षणार्थियों युवतियों व महिलाओं को एसबी ब्यूटीपार्लर के सौजन्य से प्रमाण पत्र का वितरण होटल उत्सव में एक कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम के साथ किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखण्ड जिला परिषद सदस्य श्री मति सरिता देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में कोनी पँचायत के मुखिया मुखीया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजय भारती मुखीया विकास सिंह रीता देवी पँचायत समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि श्री मति रूबी देवी प्रीति ठाकुर मीरा सिंह जेएमएम नेत्री वंदना सिंह अधिवक्ता इंदुभूषण पांडेय कस्तूरबा विद्यालय की रूमा कुमारी एसबी ब्यूटीपार्लर की निदेशक बेबी वर्मा समेत अन्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे जिला परिषद सदस्या सरिता देवी ने ब्यूटीपार्लर की संचालिका की काफी सराहना करते हुए कहा कि आज वर्तमान परिवेश में अपनी व्यक्तिगत जीवन से भी संघर्ष कर बेबी वर्मा ने एक नया कृतिमान स्थापित किया है सैकडों युवतियों व महिलाओं को ब्यूटीशियन का कोर्स पूरा करवा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है इनकी जितनी भी सराहना की जाय वह कम है । विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ मृत्युंजय सिंह ने कहा कि बेबी वर्मा ने अपने जीवन मे कड़े संघर्ष के बदौलत इस मुकाम पर पहुची है जो सराहनीय है जिन्होंने खुद आत्मनिर्भर बनकर सैकड़ो बेटियों को भी ब्यूटीपार्लर का ज्ञान देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है । मुखीया रंजय ने कहा कि यह बेबी वर्मा के द्वारा किया गया कार्य की जितनी सराहना की जाय वह कम है उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का संदेश दिया गया। श्री मति रूबी देवी ने कहा कि बेबी वर्मा के हौशलों को मैं भी सलाम करती हूँ उनके द्वारा किया गया कार्य सचमुच सराहनीय है इस कार्यक्रम से प्रशिक्षणार्थियों को भी उत्साह व हौशला मिलेगा । मैं भी एक प्रतिनिधि होने के साथ साथ ब्यूटीपार्लर की संचालिका भी हूँ , बेबी वर्मा का कार्य सराहनीय है । प्रशिक्षणार्थियों को मेरी शुभकामनाएं । मुखीया विकास सिंह ने कहा कि बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है इससे अन्य अभिभावकों को भी अपने बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर प्रेरित करेगा इसके लिए एसबी ब्यूटी पार्लर के निदेशक बेबी वर्मा को धन्यवाद । मुखीया रीता देवी ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में सभी अभिभावकों से निवेदन है कि वह अपने बच्चों को आत्मनिर्भर बनने को लेकर उन्हें आजादी दें ताकि वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके आज सैकड़ो बच्चियां एसबी ब्यूटी पार्लर के माध्यम से रोजगार पाएंगी । जेएमएम नेत्री वंदना सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है इस तरह के कार्यक्रम बच्चियों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देगी । बेबी वर्मा ने कहा कि मैंने अपनी निजी जिंदगी में संघर्ष के बाद भी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के पथ पर चलकर युवतियों को वह शिक्षा दी हूँ जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके आज मेरे लिए खास दिन है । उन्होंने महिला प्रशिक्षार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ट्रेनिंग का प्रमाण पत्र लेकर घर नहीं बैठना है बल्कि प्रशिक्षण में प्राप्त हुनर का पूर्ण सदुपयोग से व्यवसाय स्थापित कर अपने पैरों में खड़ा होना है। इस दौरान सभी अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया ।

# झारखण्ड विस की पुस्तकालय विकास समिति ने किया कोडरमा का दौरा

संवाददाता



**कोडरमा :** झारखण्ड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति ने आज कोडरमा जिला का दौरा किया। इस अवसर पर समिति द्वारा जिले में पुस्तकालय के विकास तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

परिसदन भवन, कोडरमा आगमन पर समिति की माननीय सभापति-सह-कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव एवं माननीय सदस्य-सह-तोरपा विधायक श्री सुदीप गुड़िया, माननीय सदस्य सह डुमरी विधायक श्री जयराम महतो का जिला प्रशासन की ओर से उप विकास आयुक्त श्री रवि जैन द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। परिसदन भवन, कोडरमा के सभागार में आयोजित बैठक में समिति द्वारा सर्वप्रथम जिले में संचालित सरकारी एवं गैर-सरकारी पुस्तकालयों की वर्तमान स्थिति की जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी से प्राप्त की गई। माननीय सभापति द्वारा पुस्तकालयों के समुचित विकास, प्रखंड स्तर पर पुस्तकालयों के अधिष्ठापन, ज्ञानवर्धक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पर्याप्त पुस्तकों की उपलब्धता, बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की सुविधा, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा पंचायत भवनों में ज्ञान केंद्रों के सुदृढ़ संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में माननीय सभापति एवं माननीय सदस्य द्वारा जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर परिवहन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले में विशेष अभियान चलाकर आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान को और अधिक व्यापक रूप से कार्यक्रम आयोजित कर यातायात नियमों की जानकारी देने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त बैठक में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति, मत्स्य पालन को बढ़ावा देने, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमिकों का पंजीकरण एवं सेफ्टी किट वितरण, नियोजन कार्यालय द्वारा मॉडल करियर सेंटर का संचालन, लैम्प्स केंद्रों के बेहतर संचालन एवं शत-प्रतिशत किसानों से धान अधिप्राप्ति, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के सुचारू संचालन एवं चिकित्सकों की उपलब्धता जैसे विषयों पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अंत में माननीय सभापति ने कहा कि सभी विभागों के पदाधिकारी सकारात्मक सोच के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जिले के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उप विकास आयुक्त ने आश्वस्त किया कि बैठक में प्राप्त सभी निर्देशों का संबंधित पदाधिकारियों द्वारा अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला,अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर ओम प्रकाश मंडल, जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### मारपीट मामले में दो युवक को तेतुलमारी पुलिस ने जेल भेजा

**तेतुलमारी :** शुक्रवार की रात वेस्ट मोदीडीह में तेतुलिटॉड निवासी विवेक कुमार महतो अपने चारपहिया वाहन से घर आने के क्रम में दो युवक ने हरवे हथियार से मारपीट कर किया घायल।आज सुबह शिकायकर्ता के लिखित शिकायत पर तत्काल कार्रवाई पर कुणाल कुमार व लक्ष्मण को जेल भेजा।

### तेतुलमारी पुलिस ने शक्तिचौक पर चलाया सघन वाहन जांच

**तेतुलमारी :** तेतुलमारी पुलिस ने शक्तिचोक पर सघन जांच वाहन चलाया। दो पहिया वाहन को हेलमेट, वाहन से जुड़े कागजात को जांच की गई।चारपहिया वाहन से सीटबेल्ट, डिक्की व कागजात जांच हुई।पुलिस द्वारा दो पहिया वाहन चलाने वाले को दो सवारी पर दो हेलमेट का उपयोग जरूर करे।

### पिपचो मे विगत दिनों हुई हत्या मामले का हुआ खुलासा, बहनोई ने किया था हत्या

**कोडरमा :** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार की रात पिपचो बाजार से संदिग्ध अवस्था में हुए सुभाष राणा के मौत की गुत्थी कोडरमा पुलिस ने सुलझा ली है। घटना की जानकारी देते हुए मुख्यालय डीएसपी रतिभान सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात मृतक सुभाष राणा अपने बहनोई गौतम राणा, गौतम राणा के फुफेरे भाई रवि शंकर राणा तथा विनोद यादव के साथ पिपचो चौक पर शराब की खरीदी की और चौक पर ही शराब का सेवन कर रहे थे। इसी दौरान शराब पीने के क्रम में गौतम राणा ने सुभाष राणा की पत्नी को लेकर उससे कुछ अश्लील बातें कही। जिससे सुभाष रहना क्रोधित हो गए और उनके बीच विवाद उत्पन्न हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गौतम राणा ने सुभाष राणा के सिर पर एक बड़े से पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। इधर जयनगर पुलिस द्वारा इस मामले में लिप्त मुख्य अभियुक्त गौतम राणा को गिरफ्तार कर लिया गया है और विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मैक्लुस्कीगंज, में माइनस तापमान का कहर, 0.9 डिग्री पर थमा जनजीवन,

मैक्लुस्कीगंज : जनवरी के मध्य में ही मैक्लुस्कीगंज में ठंड ने ऐसा विकराल रूप धारण कर लिया है कि जनजीवन पूरी तरह ठहर सा गया है। लगातार एक सप्ताह से माइनस के करीब बने तापमान ने लोगों को बेहाल कर दिया है। शनिवार को मैक्लुस्कीगंज ने इस सर्दी का सबसे भयावह दिन देखा, जब तापमान 0.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और पूरा इलाका शीतलहरी की गिरफ्त में आ गया। यह दिन अब तक का सबसे कोल्ड डे साबित हुआ। सुबह हालात ऐसे थे मानो पहाड़ों की बर्फीली वादियों में सुबह हो रही हो। रात में जमी ओस की मोटी परतें बर्फ में तब्दील हो गईं। खेत-खलिहान, छतें, सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां और घास की पत्तियां सफेद चादर में लिपटी नजर आईं। लोगों ने कहा कि यह नजारा उन्हें शिमला और मनाली की याद ताजा कर गई।भीषण ठंड का सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, बच्चों और दिहाड़ी मजदूरों पर पड़ा है। सुबह-सुबह निकलना मुश्किल हो गया, बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और लोग अलाव व हीटर के सहारे ठंड से जूझते दिखे।

## नव मनोनीत भाजपा जिलाध्यक्ष ने गाजेबाजे के साथ की भद्रकाली में पूजा-अर्चना

संवाददाता



**इटखोरी :** नवमनोनित भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने अपने समर्थकों के साथ माँ भद्रकाली मंदिर पूजा अर्चना करने कृषि फार्म हाउस से गाजे बाजे के साथ निकल पड़े , इस दौरान सैकड़ो की संख्या में काफिला मण्डल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में साथ थे । इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष को फूल माला से लाद दिया । जिला अध्यक्ष ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भद्रकाली में पूजा अर्चना करने के पश्चात शहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर राम जानकी मंदिर कोटेश्वर नाथ मंदिर पंचमुखी जी हनुमान मंदिर शनि देव मंदिर समेत अन्य देवालय में भी पूजा अर्चना किया । इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहां की पार्टी ने पुनः मुझे जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपा है इसे मैं भरोसे के साथ निभाऊंगा । संगठन को मजबूत करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी अपने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर ही अपने कार्य को आगे बढ़ाऊंगा । इटखोरी कृषि फार्म हाउस से जिलाध्यक्ष ने अपनी सैकडों समर्थकों के साथ गाजेबाजे के साथ जुलूस की शक्ल में आतिशबाजियों के बीच माता भद्रकाली के मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना किया ।

## शिक्षकों की मासिक गुरुगोष्ठी बैठक सम्पन्न



**मरकच्चो (कोडरमा) :** प्रखंड सभागार में शिक्षकों की मासिक गुरुगोष्ठी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता एवं B.P.O.प्रभुदेव यादव की देखरेख में किया गया।श्री यादव ने शिक्षकों से आग्रह किया कि समय पर MDM, प्रयास प्रतिवेदन, छात्रों एवं शिक्षकों का ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना, बच्चों का आधार /खाता खुलवाना तथा अपडेट करवाना अनिवार्य है। मौके पर B.P.M आनंद शेखर, अचिंतो रॉय, बीरेंद्र कुमार , शिक्षक अशोक कुमार, अर्जुन महतो, मनोज कुमार ठाकुर, कुमारी रंजू ,सीता कुमारी के अतिरिक्त दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

# सड़क विकास कार्य को मिली रफ्तार, विधायक की पहल से दो महत्वपूर्ण पथों को मिली स्वीकृति

संवाददाता



**डोमचांच (कोडरमा):** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बड़ी सौगात सामने आई है। कोडरमा–जमुआ आरसीडी रोड से सिंहपुर रेलवे पुल से लहरियाटांड–रतनपुर होते हुए मसमोहना पुल तक लगभग 4 किलोमीटर कालीकरण सड़क सह गार्डवाल निर्माण कार्य की स्वीकृति मिल गई है। इन सभी सड़कों के निर्माण को लेकर स्थानीय विधायक डॉ. नीरा यादव ने ग्रामीण कार्य विभाग, रांची के प्रधान सचिव को अनुशंसा पत्र भेजा था, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आए हैं। आज़ादी के बाद पहली बार इस क्षेत्र में इतनी महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद दिनांक 10 जनवरी 2026 को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने माननीय विधायक डॉ. नीरा यादव से मुलाकात कर उन्हें बुके भेंट कर आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा, साथ ही क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर खरखार मुखिया प्रतिनिधि पिन्टू यादव, अनुज कुमार सिंह, राजेन्द्र यादव, संतोष यादव, विजय कुमार शर्मा, पंकज राणा, रंजीत यादव, बहमदेव यादव, जमुना रवानी, भुनेश्वर दास, रवि यादव, संतोष रवानी, सोनू राणा, संटू राणा, लल्लू यादव, रामचंद्र यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने विधायक डॉ. नीरा यादव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्य लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

# कांग्रेस ने देशव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' का किया ऐलान

संवाददाता



**कोडरमा :** अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी के सदस्य सह कोडरमा जिला कॉंग्रेस कमिटी के प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद परिसदन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बोले- नया कानून मनरेगा को खत्म करने की साजिश उन्होंने कहा- वीबी-ग्राम-जी कानून को वापस लेकर मनरेगा को अधिकार आधारित कानून के तौर पर बहाल किया जाए , नए कानून में 'वीबी' का मतलब 'विनाश भारत' और 'जी' का मतलब पंचायत के स्थान पर 'केंद्रीकरण की गारंटी' राज्य सरकारों की सहमति के बिना वित्तीय जिम्मेदारी तय करना अनुच्छेद 258 का उल्लंघन है. जिला प्रभारी ने मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म करने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा की 10 जनवरी से 25 फरवरी के बीच देशव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' की शुरुआत हुई है 1 कल देश के सभी जिलों में उपवास कार्यक्रम प्रस्तावित है कोडरमा में भी परियोजना बालिका उच्च विद्यालय अम्बेदकर पार्क में उपवास कार्यक्रम का आयोजन आहूत है। कॉंग्रेस पार्टी ने वीबी-ग्राम-जी कानून को वापस लेने, मनरेगा को अधिकार आधारित कानून के तौर पर बहाल करने के साथ काम के अधिकार और पंचायतों के अधिकार को बहाल करने की मांग दोहराई। कोडरमा परिसदन में पत्रकार वार्ता में पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक भी उपस्थित थे। कांग्रेस के देशव्यापी आंदोलन के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला प्रभारी ने कहा नए कानून को गरीबी उन्मूलन की सबसे सफल और ऐतिहासिक योजना मनरेगा को खत्म करने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने कहा कि मनरेगा मांग-आधारित योजना थी, जिसने हर साल पांच-छह करोड़ ग्रामीण परिवारों को संकट के समय सुरक्षा कवच प्रदान किया। उन्होंने नए कानून पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि रोजगार अब अधिकार नहीं रहा, बल्कि यह सरकार की मर्जी पर निर्भर होगा। पहले, ग्राम सभाएं और पंचायतें स्थानीय जरूरतों के हिसाब से योजना बनाती थीं। अब निर्णय लेने की पूरी शक्ति दिल्ली के पास केंद्रित हो जाएगी, पंचायतें केवल क्लर्क बनकर रह जाएंगी। काम केवल उन्हीं पंचायतों में मिलेगा जिन्हें केंद्र सरकार अधिसूचित करेगी। कई पंचायतों को फंड नहीं मिलेगा, जिससे स्थानीय योजना बाधित होगी और 73वें संविधान संशोधन की भावना का उल्लंघन होगा। नए कानून के तहत योजना में बजट की सीमा और मानक आवंटन पहले से तय होंगे, जिससे फंड खत्म होने पर काम रुक जाएगा। मनरेगा में महंगाई से जुड़ी अधिसूचित मजदूरी दी जाती थी।

## डीडीसी ने कानिकेंद गांव का किया दौरा



**मरकच्चो (कोडरमा) :** प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत डगरनवा के कानीकेंद गांव में रविवार को लगने वाले विशेष शिविर को लेकर उप विकास आयुक्त रवि जैन ने शनिवार को कानिकेंद गांव का दौरा किया। इस क्रम में मरकच्चो बीडीओ हुलास महतो व डोमचांच बीडीओ भोला पाण्डेय भी उनके साथ थे।इस दौरान पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया।मालूम हो की डोमचांच प्रखंड के धरगांव व फूलवरिया पंचायत के कई गांव से लगभग बीस से पचीस परिवार कानिकेंद गांव में आकर बस गए है।उनकी मूलभूत अवश्यकताओं के लिये रविवार को कानिकेंद गांव में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा ताकि उक्त गांव के लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिया जा सके। मौक़े पर एई चितरंजन कुमार आदि मौजूद थे।

# कोडरमा भाजपा जिलाध्यक्ष बने अनूप जोशी का हुआ भव्य स्वागत

संवाददाता



**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी, जिला कोडरमा के जिला अध्यक्ष पद पर अनूप जोशी के लगातार दूसरी बार निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में झुमरी तिलैया स्थित रॉयल सेलिब्रेशन में भव्य, ऐतिहासिक एवं यादगार स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे कार्यक्रम स्थल पर उत्साह, जोश एवं संगठनात्मक एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री शिवेंद्र नारायण एवं विजय यादव ने संयुक्त रूप से किया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला चुनाव पर्यवेक्षक विकास प्रीतम उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ प्रत्येक तीन वर्ष में लोकतांत्रिक, पारदर्शी एवं संविधान सम्मत तरीके से संगठनात्मक चुनाव कराए जाते हैं। उसी प्रक्रिया के तहत कार्यकर्ताओं के विश्वास और संगठन की सहमति से अनूप जोशी को पुनः जिला अध्यक्ष चुना गया है। यह उनके संगठनात्मक अनुभव, नेतृत्व क्षमता और कार्यकुशलता का प्रमाण है।जिला चुनाव प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने कहा कि जिला अध्यक्ष का पद सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। अनूप जोशी ने अपने पूर्व कार्यकाल में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया है और आगे भी उनसे संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की पूरी अपेक्षा है।कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि अनूप जोशी एक कर्मठ, समर्पित और जमीनी कार्यकर्ता हैं। उनके नेतृत्व में कोडरमा जिला भाजपा संगठन निरंतर मजबूत हुआ है और आने वाले समय में पार्टी जिले में ऐतिहासिक सफलता हासिल करेगी।चुनाव सह पर्यवेक्षक बिनय कुमार सिंह ने कहा कि पूरी चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं संगठन के संविधान के अनुरूप संपन्न हुई, जिसमें अनूप जोशी को सर्वसम्मति से समर्थन प्राप्त हुआ। यह संगठन की एकजुटता को दर्शाता है।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि अनूप जोशी संगठन को अनुशासन, एकजुटता और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने में सक्षम नेतृत्वकर्ता हैं। रवि मोदी ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता सर्वोच्च होता है और अनूप जोशी इसका सशक्त उदाहरण हैं। नीतीश चंद्रवंशी ने कहा कि युवा कार्यकर्ताओं में उनके नेतृत्व को लेकर विशेष उत्साह है, जिससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।



## चित्रांगदा सिंह ने साझा किया 'द बैटल ऑफ गलवान' का खास अनुभव

# 'सेना की दुनिया को अच्छी तरह समझती हूं'

फिल्मों की दुनिया में कई बार कुछ मौके अचानक ही मिल जाते हैं, जिनकी उम्मीद नहीं होती। ऐसे ही एक खास मौके ने अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह को नया अनुभव दिया। इन दिनों चित्रांगदा सलमान खान की 'द बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म उनके लिए बेहद खास है। को दिए इंटरव्यू में अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि वह सलमान खान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। से बात करते हुए चित्रांगदा ने अपने अनुभव के बारे में कहा, ''जब निर्देशक अपूर्व लाखिया ने मुझे इस फिल्म के लिए कॉल किया, तो मेरा पहला रिएक्शन यही था, 'सच में?' मैंने कभी उम्मीद नहीं की थी कि मुझे सलमान खान के साथ काम करने का मौका मिलेगा। मैंने न तो कभी सलमान से काम के लिए बात की और न ही कभी इसकी कोशिश की। यह मौका मेरे लिए पूरी तरह से आश्चर्यजनक और रोमांचक रहा।'' फिल्म 'द बैटल ऑफ गलवान' की कहानी 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प पर आधारित है। 15 जून को नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों को जानमाल का नुकसान हुआ। सीमा के पास फायरआर्म्स का इस्तेमाल न करने के समझौते के कारण, सैनिकों ने लाठियों और पत्थरों का इस्तेमाल करते हुए लड़ाई लड़ी थी।

चित्रांगदा ने कहा, 'मैं सेना की दुनिया को अच्छी तरह समझती हूं, और एक आर्मी मैन की बेटी होने के नाते, यह फिल्म मेरे लिए और भी व्यक्तिगत रूप से महत्वपूर्ण है। यह फिल्म सिर्फ एक मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील कहानी को लोगों तक पहुंचाने का अवसर भी है। उन्होंने कहा, '''द बैटल ऑफ गलवान' एक महत्वपूर्ण फिल्म है। सेना और देशभक्ति के अनुभव से जुड़ी इस कहानी में काम करना गर्व का पल है। मेरा मानना है कि फिल्म दर्शकों को वास्तविक घटनाओं और सैनिकों के संघर्ष के करीब लाएगी और उन्हें देशभक्ति की भावना से जोड़ने में मदद करेगी। फिल्म में सलमान खान और चित्रागंदा सिंह की जोड़ी नजर आएगी। इसमें सलमान कर्नल बी. संतोष बाबू की भूमिका में नजर आएंगे, जिन्होंने असाधारण साहस के साथ 16 बिहार रेजिमेंट का नेतृत्व किया और मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित हुए थे।

# विवेक ओबेरॉय के साथ सुर्खियों में आईं श्रेया शर्मा



**अभिनेत्री** श्रेया शर्मा, जिन्होंने हाल ही में मस्ती 4 में अपने अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचा, अब अपने करियर की एक बड़ी छलांग के लिए तैयार हैं। श्रेया जल्द ही फिल्म मिस्टर एंड मिसेज ग्रे में फीमेल लीड के रूप में नजर आएंगी, जहां वह पहली बार विवेक ओबेरॉय के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। इस घोषणा के साथ ही फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, जो श्रेया के अभिनय सफर में एक नए और रोमांचक अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है। अपनी दमदार स्क्रीन प्रेज़ेंस और लगातार बदलते, चुनौतीपूर्ण किरदारों के चयन के लिए पहचानी जाने वाली श्रेया की मिस्टर एंड मिसेज ग्रे में कास्टिंग इस बात का संकेत है कि वह अब और अधिक गहराई व परफॉर्मेंस-ड्रिवन प्रोजेक्ट्स की ओर बढ़ रही हैं। यह फिल्म जटिल रिश्तों और भावनात्मक उतार-चढ़ाव की पड़ताल करने वाली बताई जा रही है, जिसमें श्रेया का किरदार अनुभवी अभिनेता विवेक ओबेरॉय के साथ एक अहम भूमिका निभाएगा। प्रोजेक्ट को लेकर बात करते हुए श्रेया शर्मा ने इस फिल्म की अपने लिए अहमियत पर एक भावुक और विस्तार से भरा नोट साझा किया: 'मिस्टर एंड मिसेज ग्रे मेरे पास उस समय आई, जब मैं जानबूझकर ऐसा किरदार तलाश रही थी जो मुझे भावनात्मक और रचनात्मक रूप से चुनौती दे। विवेक ओबेरॉय के साथ काम करना एक अद्भुत सीखने का अनुभव है—वह हर सीन में गहराई और सच्चाई लेकर आते हैं। कहानी तीव्र, वास्तविक और बेहद परतदार है, और मेरा किरदार एक शक्तिशाली भावनात्मक सफर से गुजरता है। मैं निर्माताओं की आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर इतना मजबूत किरदार निभाने का भरोसा किया, और मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक इस फिल्म से गहराई से जुड़ेंगे।' इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का मानना है कि मिस्टर एंड मिसेज ग्रे श्रेया शर्मा के करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हो सकती है, जो उन्हें एक उभरती हुई प्रमुख अभिनेत्री के रूप में स्थापित करेगी। मस्ती 4 ने जहां उन्हें लोकप्रियता दिलाई, वहीं यह नई फिल्म उनके अभिनय को ठोस आधार देने वाली है। जैसे-जैसे मिस्टर एंड मिसेज ग्रे को लेकर उत्सुकता बढ़ रही है, सभी की नजरें अब श्रेया शर्मा पर टिकी हैं—एक ऐसी अभिनेत्री जो साफ तौर पर अपने करियर के अगले स्तर में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार है।



# धुरंधर की आलोचना करने वालों को विवेक ओबेरॉय की दो टूक

**रणवीर** सिंह, अक्षय खन्ना और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'धुरंधर' की रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है। फिल्म ने वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 1,240 करोड़ रुपए कर लिया है। फिल्म को आज भी खूब तारीफ मिल रही है। विवेक रंजन अग्निहोत्री के बाद अब विवेक ओबेरॉय ने फिल्म की जमकर तारीफ की है और फिल्म का विरोध करने वालों को लेकर भी दो टूक बात कही है। फिल्म 'धुरंधर' की तारीफ करने के लिए विवेक ओबेरॉय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' का सहारा लिया है। उनका कहना है कि फिल्म को वही लोग अच्छे से महसूस कर सकते हैं, जिन्होंने किसी अपने को देश की शांतिपूर्ण स्थिति के लिए कुर्बान किया हो। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'आज आखिरकार मैंने 'धुरंधर' देखी। यह सिर्फ सिनेमा नहीं, उससे कहीं बढ़कर है। यह एक घोर अंधेरे कमरे में अचानक से कुछ बदल जाने जैसा झकझोर देने वाला है।' उन्होंने आगे लिखा, 'अगर आपने कभी किसी शहीद के घर की घुटन भरी खामोशी में खड़े होकर देखा है, जहां दीवारें यादों से भरी हैं, लेकिन कुर्सियां हमेशा खाली रहती हैं। अगर आपने उन गलियारों में इतिहास की ठंडी सांस महसूस की है, जहां गुमनाम लोगों ने हमारे 'शांतिपूर्ण' आज के लिए अपना 'कल' कुर्बान कर दिया। अगर आपने उस बच्चे की आंखों में देखा है, जो अपने पिता को सिर्फ एक फ्रेम में लगी तस्वीर के शीशे के पार से ही जानता है, तो आप इस फिल्म की धड़कन को पहचान लेंगे। आक्रोश उन लोगों के लिए विलासिता है, जिन्होंने कभी तथ्यों का सामना नहीं किया। विवेक ने रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना की एक्टिंग की भी तारीफ की और कहा कि रणवीर ने अपनी एनर्जी का सही इस्तेमाल किया है। उन्होंने लिखा, 'रणवीर संयम के भीतर दबी हुई आग से जल रहे हैं, यह साबित करते हुए कि मौन किसी भी गर्जना से अधिक भयावह हो सकता है। यह पहला मौका नहीं है जब किसी ने फिल्म और फिल्म के डायरेक्टर की तारीफ की हो।

# 'लक्ष्मी निवास' में 'राधिका' के लिए परिवार ही सब कुछ है : अक्षिता



**अभिनेत्री** अक्षिता मुद्गल जल्द ही जी टीवी के नए शो 'लक्ष्मी निवास' में नजर आने वाली हैं। इस शो में वह राधिका के किरदार में हैं, जो लक्ष्मी और श्रीनिवास की बड़ी बेटी है। अक्षिता ने अपने किरदार के बारे में बात की और बताया कि राधिका के लिए परिवार ही सब कुछ है। अक्षिता मुद्गल ने अपने किरदार के बारे में बताया, 'राधिका एक ऐसी लड़की है जो परिवार के लिए कुछ भी करने को तैयार रहती है। शो 'लक्ष्मी निवास' भारत के मध्यमवर्गीय संयुक्त परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित है। यह सपनों, जिम्मेदारियों और एकजुटता की भावनात्मक कहानी दिखाता है। कई परिवारों की तरह यहां भी अपना घर बनाने और बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने की उम्मीदें जुड़ी हैं।' उन्होंने आगे बताया, 'राधिका का किरदार इस कहानी में नया भावनात्मक रंग जोड़ता है।

वह सरल, परिपक्व और पूरी तरह परिवार के लिए मेहनत करने वाली इंसान है। अपने माता-पिता की खुशी को वह अपनी खुशी से ऊपर रखती है। राधिका एक मजबूत और संयमित लड़की है, जिसके सपने परिवार की इच्छाओं से जुड़े हैं। वह अपनी इच्छाओं को पीछे रख परिवार के लिए त्याग करने को तैयार रहती है। यह किरदार कई भारतीय बेटियों की उन चुप्पी भरी कुर्बानियों को दिखाता है, जो संयुक्त परिवारों में आम हैं। अक्षिता मुद्गल ने कहा, 'राधिका अपनी जिंदगी माता-पिता और परिवार के लिए जीती है।

# जब यश ने बॉलीवुड को कहा 'NO', सैफ आए और काम तमाम हो गया



**कन्नड़** सिनेमा के सुपरस्टार यश को कुछ साल पहले एक बॉलीवुड फिल्म ऑफर हुई थी, लेकिन उन्होंने उस फिल्म में काम करने से मना कर दिया था. बाद में वो फिल्म सैफ अली खान ने की थी.

यश ने जब अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी तो वो सिर्फ कन्नड़ सिनेमा तक ही सीमित थे. हालांकि, अब वो देशभर में पहचाने जाते हैं. उन्होंने पैन इंडिया लेवल पर पॉपुलैरिटी कमाई है. वो साल 2018 में आई फिल्म चत्तस्न से पैन इंडिया स्टार बने. उनकी ये फिल्म पूरे भारत में देखी गई थी. चत्तस्न के ब्लॉकबस्टर होने के तुरंत बाद ही उन्हें एक बॉलीवुड फिल्म ऑफर हुई थी, लेकिन उन्होंने उस फिल्म में काम करने से इनकार कर दिया था. बाद में उस फिल्म में सैफ अली खान ने काम किया था और बॉक्स ऑफिस पर उस पिक्चर का हश्र बहुत बुरा हुआ था. यहां जिस फिल्म की बात हो रही है वो है साल 2019 में नवदीप सिंह के डायरेक्शन में बनी 'लाल कप्तान', जो एक पीरियड ड्रामा फिल्म थी. मेकर्स ने ये फिल्म यश को ऑफर की थी. पर यश ने मना कर दिया था. उनके फिल्म रिजेक्ट करने की वजह तो सामने नहीं आई थी. पर उनके मना करने के बाद मेकर्स ने लीड रोल में सैफ अली खान को कास्ट कर लिया था. फिल्म को क्रिटिक्स की तरफ से तो सराहा गया था, लेकिन ये बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हो गई थी.



# शोभिता धुलिपाला की 'चीकाटिलो' का पोस्टर जारी

'द नाइट मैनेजर' जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम 'चीकाटिलो' है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है, जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। जानिए कब और कहां रिलीज होगी फिल्म...

'चीकाटिलो' प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी 'चीकाटीलो' एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

# डब्ल्यूपीएल 2026: हरमनप्रीतझ्रस्किवर ब्रंट की चमक मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से रौंदा

एजेंसी



**नवी मुंबई :** डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) ने ह्वछ 2026 में जोरदार वापसी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को 50 रन से करारी शिकस्त दी। सीजन के पहले मैच में मिली हार के महज 24 घंटे के भीतर एमआई ने डीवाई पाटिल स्टेडियम में दमदार प्रदर्शन कर अपना खाता खोला। कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऑलराउंडर नैट स्किवर-ब्रंट की शानदार पारियों ने एमआई की जीत की नींव रखी। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। स्किवर-ब्रंट ने 46 गेंदों में 70 रन की सधी हुई पारी खेली, जबकि हरमनप्रीत कौर ने 42 गेंदों में नाबाद 74 रन ठोकते हुए पारी को शानदार अंजाम तक पहुंचाया। 195 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत बेहद खराब रही। पावरप्ले के भीतर ही उसका शीर्ष क्रम ढह गया। हालांकि चिनेल हेनरी ने 30 गेंदों में 56 रन की आक्रामक पारी खेलकर कुछ देर संघर्ष किया, लेकिन अन्य बल्लेबाजों से उन्हें कोई खास साथ नहीं मिला। पूरी टीम 19 ओवर में 149 रन पर सिमट गई। मुंबई की गेंदबाजी में अमेलिया केर और निकोला कैरी ने निर्णायक भूमिका निभाई। दोनों ने तीन-तीन विकेट चटकाए और दिल्ली की रन गति पर लगातार अंकुश लगाए। नई गेंद से एमआई के अनुशासित आक्रमण ने दिल्ली को शुरूआत में ही बैकफुट पर धकेल दिया, जिससे वापसी का मौका नहीं मिल सका। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की और यह साफ संकेत दिया कि गत चैंपियन टीम खिताब की प्रबल दावेदार बनी हुई है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स को अपनी बल्लेबाजी और शुरूआती झटकों से उबरने के लिए जल्द सुधार की जरूरत होगी।

# टी20 विश्व कप से बाहर किए जाने पर शुभमन गिल ने कहा– चयनकताओं के फैसले का सम्मान करता हूं

एजेंसी



**वडोदरा :** भारतीय क्रिकेट टीम के वनडे कप्तान शुभमन गिल ने आगामी टी20 विश्व कप 2026 की टीम से बाहर किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले पहले वनडे मुकाबले से पहले गिल ने कहा कि वह चयनकताओं के फैसले का सम्मान करते हैं और टीम को टूनार्मेंट के लिए शुभकामनाएं देते हैं। गिल ने प्री मैच प्रेस कांन्फ्रेंस में कहा, ह्लमैं चयनकताओं के फैसले का सम्मान करता हूं। टी20 विश्व कप के लिए टीम को मेरी तरफ से शुभकामनाएं।ह्व उन्होंने आगे कहा, ह्लमैं जहां हूं, वहीं होना मेरे लिए लिखा है। जो मेरी किस्मत में है, उसे कोई नहीं छीन सकता। एक खिलाड़ी हमेशा देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता है और चयनकताओं ने अपना फैसला लिया है। हाल के दिनों में टी20 प्रारूप में गिल का प्रदर्शन खास नहीं रहा था, जिसके चलते टीम प्रबंधन ने ह्लटीम कॉम्बिनेशनह्व को ध्यान में रखते हुए उन्हें विश्व कप टीम से बाहर रखने का फैसला किया। उनकी जगह ऑलराउंडर अक्षर पटेल को टी20 उपकप्तान नियुक्त किया गया है। इस बीच, वनडे सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा का शानदार फॉर्म भारत की बड़ी ताकत माना जा रहा है। टी20 विश्व कप से एक महीने से भी कम समय पहले होने वाली इस तीन मैचों की वनडे सीरीज में दोनों दिग्गज खिलाड़ियों पर खास नजर रहेगी। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते हुए कोहली और रोहित ने बड़े रन बनाए थे, जिससे साफ है कि वे अब भी शीर्ष स्तर पर हैं। हालांकि, टी20 टीम से बाहर होने के बाद गिल का वनडे सीरीज में प्रदर्शन भी चर्चा में रहेगा। चोटों के कारण वह पिछले साल दक्षिण अफ्रीका दौरे में अधिकतर मुकाबले नहीं खेल पाए थे। गिल की वापसी से यशस्वी जायसवाल का टॉप ऑर्डर में स्थान खतरे में पड़ सकता है, जबकि श्रेसय अय्यर की वापसी से बल्लेबाजी क्रम में स्थिरता आने की उम्मीद है। केएल राहुल का निचले क्रम में बल्लेबाज और विकेटकीपर के रूप में स्थान तय माना जा रहा है, जिससे ऋषभ पंत को एक बार फिर वनडे टीम में बाहर बैठना पड़ सकता है। वहीं, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या को टी20 जिम्मेदारियों के मद्देनजर वनडे सीरीज से आराम दिया गया है। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे, जबकि स्पिन विभाग में कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा अहम भूमिका निभाएंगे। यह मुकाबला कोटांबी स्थित नए बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां पहली बार पुरुषों का अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित हो रहा है। न्यूजीलैंड के लिए यह सीरीज नए और युवा खिलाड़ियों को परखने का मौका होगी, हालांकि कई सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बावजूद कीवी टीम मजबूत चुनौती पेश करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

# अमेरिका ने दिया ईरान को खामेनेई से मुक्त कराने का संकेत

एजेंसी

**तेहरान/वाशिंगटन :** ईरान में गुजर चुके साल के 28 दिसंबर से महंगाई के खिलाफ शुरू प्रदर्शन ने इस्लामी गणराज्य शासन की नींद उड़ा दी है। सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के प्रदर्शनकारियों को दंगाई कहने से लोगों का गुस्सा भड़क गया है। सारा देश हिंसा की लपटों से घिरा हुआ है। सुरक्षा बलों और नागरिकों के बीच टकराव में बड़े पैमाने पर जान-माल की क्षति हुई है। कई जगहों पर सरकारी संपत्ति को आग के हवाले कर दिया गया। गोलीबारी में मारे गए लोगों के प्रति चिंता जताते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को खामेनेई से मुक्त कराने का संकेत दिया है।

**48 घंटों में कम से कम 2,000 लोग मारे गए**

ईरान इंटरनेशनल ने विभिन्न वीडियो फुटेज के आधार पर प्रसारित रिपोर्ट में ईरान के मौजूदा सूरत-ए-हाल की विस्तार से चर्चा की है। सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि ईरान के सुरक्षा बल देश भर में प्रदर्शनकारियों पर जानलेवा बल प्रयोग कर रहे हैं। शुरूआती अनुमान है कि बड़े पैमाने पर लोग मारे गए हैं। देश में आठ जनवरी से इंटरनेट सेवा बंद है। तेहरान के दक्षिण में कहरीजाक से मिले वीडियो फुटेज में कई शव दिख रहे हैं। ऐसे ही वीडियो फरदीस, करज और पूर्वी तेहरान के अलगादिर अस्पताल से पहले भेजे गए। इनमें भी शव नजर आ रहे हैं। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि पिछले 48 घंटों में कम से कम 2,000 लोग मारे गए हैं। उत्तरी शहर रश्त के एक डॉक्टर के अनुसार, अकेले एक अस्पताल में कम से कम 70 शव पहुंचाए गए। इलम और करमानशाह के पश्चिमी प्रांत भी हिंसा से घिरे हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जन आक्रोश को स्वीकार करने या लोगों से बातचीत करने के बजाय ईरान के नेतृत्व ने प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। सरकारी टेलीविजन में कहा जा रहे है कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। शुक्रवार को सरकारी टेलीविजन में तो लोगों को धमकी तक दी गई। माता-पिता से कहा गया, ₹अगर वे अपने बच्चों की सुरक्षा की परवाह करते हैं तो उन्हें सड़कों से दूर रखें।₹ ईरान के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले चैनलों में से एक चैनल-3 ने अशांति को देश पर एक सुनियोजित हमला बताया है। बुनियादी नागरिक अधिकारों की मांग करने वाले प्रदर्शनकारियों की निंदा की गई। तस्वीरों में सुरक्षा बलों को भीड़ पर आंसू गैस के गोले दागते और गोलियां चलाते हुए दिखाया गया। तेहरान के मेयर अलीरेजा जकानी ने कहा कि राजधानी में प्रदर्शनकारियों ने दर्जनों बसों और सरकारी इमारतों में आग लगा दी। यह प्रदर्शनकारी नहीं आतंकवादी हैं। खामेनेई ने कहा-ताकत से मुकाबला करेंगेः ईरान के सरकारी टेलीविजन ने गत दिवस सर्वोच्च नेता अली खामेनेई का दिन भर भाषण प्रसारित किया। खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों पर विदेशी दुश्मनों की तरफ से काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने ताकत से निपटने की कसम भी खाई। कुछ चैनलों पर सिर्फ प्रदर्शनकारियों की हिंसा को दिखाया गया।

**शासन के प्रतीकों पर हमलेः** लोगों का गुस्सा इस कदर बढ़ गया है कि शासन के गढ़े गए प्रतीकों तक को तहस-नहस करने में आमादा हैं। इसका उदाहरण यह है कि पूर्व इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के कुद्स फोर्स कमांडर कासिम सुलेमानी की मूर्तियां गिरा दी गई हैं।



## ईरान आजादी की तरफ देख रहा हैः ट्रंप

"ईरान आजादी की तरफ देख रहा है। अमेरिका मदद के लिए तैयार है।" यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार रात अपने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर एक पोस्ट में कही। इससे पहले दिन में ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम की एक पोस्ट को री-पोस्ट किया। इसमें उन्होंने विदेश मंत्री मार्को रूबियो के प्रदर्शनकारियों का समर्थन करने की तारीफ की और ₹मेक ईरान ग्रेट अगेन₹ का नारा इस्तेमाल किया। ग्राहम ने कहा था, "मदद आ रही है। राष्ट्रपति ट्रंप ईरान को आजाद कराने के लिए तैयार हैं। ईरान के लोगों का आजादी का सपना जल्द पूरा होगा।" इसके अलावा अमेरिकी हाउस रिप्रेजेंटेटिव क्लाउडिया टेनी ने कहा, ₹कृपया ईरान में एक हिंसक शासन के खिलाफ खड़े बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए मेरे साथ प्रार्थना करें।₹ न्यूयॉर्क की रिपब्लिकन प्रतिनिधि ने अपने एक्स अकाउंट पर कहा, ₹एक क्रूर तानाशाह के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने पर परिवार अपने बेटों और बेटियों को खो रहे हैं। यह चुप रहने का समय नहीं। चुप्पी केवल हत्यारों को ताकत देती है।₹

कई एयरलाइंस ने ईरान के लिए उड़ानें रद्द कीं: फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, लुफ्थांसा, फ्लाई दुबई, टर्किश एयरलाइंस, एजेट, पेगासस, कतर एयरवेज और ऑस्ट्रियन एयरलाइंस सहित कई एयरलाइंस ने ईरान के लिए अपनी उड़ानें रद्द और स्थगित कर दी हैं।

# फिल्म और पर्यटन के क्षेत्र में बुंदेलखंड को ले जाएंगे आगे : राज्यमंत्री लोधी

- बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम 2026 का हुआ शुभारंभ

एजेंसी



**भोपाल :** मप्र के संस्कृति एव पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि बुंदेलखंड की यह पुण्य भूमि भारत के स्वाभिमान की भूमि है। एक गीत भी चलता है कि 'ऐसी माटी न दुनिया के खंड-खंड में, जन्म दियो विधाता बुंदेलखंड में' तो कहीं न कहीं बुंदेलखंड में जन्म लेने के कारण एक गौरव का अनुभव तो होता ही है और आज बुंदेलखंडी भाषा जिस प्रकार से आगे बढ़ रही है, मैं देखता हूं फेसबुक, यूट्यूब, बहुत सारे कलाकार ऐसे आए हैं, जो बुंदेलखंडी भाषा में बहुत सारी सीरीज भी बना रहे हैं, बहुत सारी कॉमेडी भी कर रहे हैं और वह देश-दुनिया में बड़ी पसंद की जा रही हैं। बुंदेली फेस्टिवल के माध्यम से आने वाले समय में हम फिल्म और पर्यटन के क्षेत्र में अपने बुंदेलखंड को आगे ले जाएंगे। राज्यमंत्री लोधी शनिवार की शाम दमोह में बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम 2026 को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने फिल्म फेस्टिवल आयोजित करने का काम किया है। यह शुरूआत की गई है। आने वाले समय में जैसे भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री है, वैसे ही बुंदेली फिल्म इंडस्ट्री भी हो, बुंदेली भाषा में फिल्में बनें, बुंदेली भाषा के कलाकार देश-दुनिया में अपना नाम रोशन करें, इन सब बातों को लेकर यह पूरा आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह शुरूआत है, इसमें कुछ कमियां रह गई होंगी लेकिन किसी भी बात की शुरूआत होती है तो निश्चित रूप से उसका बीजारोपण होता है। किसी ने बड़ा अच्छा ही कहा है कि ₹'यूँ ही नहीं मिलती राही को मंजिल, एक जुनून सा दिल में जगाना होता है₹। पूछा चिड़िया से कैसे बनाया आशियाना बोली- भरनी पड़ती है उड़ान बार बार, तिनका तिनका उठाना होता है। तो कहीं न कहीं यह काम निरंतर हमको करना पड़ेगा, तिनका तिनका जोड़कर यह बुंदेली इंडस्ट्री हमको खड़ा करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में फिल्म बनाने की शुरूआत करनी पड़ेगी। हमारी यह भूमि रानी दुर्गावती की भूमि है, रानी अवंतीबाई की भूमि है, शंकर शाह रघुनाथ शाह की भूमि है, राजा हृदय शाह की भूमि है, लाला हरदौल की भूमि है, आल्हा ऊदल की भूमि है, तो ऐसे तमाम वीर इस धरती पर पैदा हुए हैं, जिन्होंने कहीं न कहीं देश समाज और राष्ट्र के लिए काम करने का काम किया है,। मध्यप्रदेश सरकार की फिल्म पर्यटन नीति को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से आयोजित बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम 2026 ने प्रथम चरण में प्रवेश किया।

# रोशनी में नहाया सोमनाथ, ड्रोन शो ने बना दिया यादगार, 3000 ड्रोन से सजा आकाश

एजेंसी



**सोमनाथ :** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमनाथ मंदिर परिसर में भव्य और आकर्षक ड्रोन शो का आयोजन किया गया। इस अनोखे कार्यक्रम से पवित्र सोमनाथ धाम में उत्सव और आनंद का माहौल बन गया।

इस ड्रोन शो में करीब 3000 ड्रोन की मदद से अरब सागर के ऊपर आकाश में रोशनी के सुंदर संयोजन से विभिन्न चित्र उकेरे गए। आकाश में बनते इन प्रकाशमय दृश्यों ने सभी का मन मोह लिया। ड्रोन लाइट के माध्यम से त्रिशूल, ओम, तांडव नृत्य करते भगवान शंकर, वीर हमीरजी, अहिल्याबाई होल्कर, सोमनाथ पर आक्रमण का दृश्य, सरदार वल्लभभाई पटेल, स्वाभिमान पर्व का लोगो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आकृति प्रदर्शित की गई। इन सभी चित्रों में भारतीय संस्कृति, आत्मगौरव और राष्ट्रीय अभिमान की झलक देखने को मिली। इस भव्य ड्रोन शो का संचालन कुल 40 प्रशिक्षित ऑपरेटरों द्वारा किया गया। करीब 15 मिनट तक चले इस कार्यक्रम ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोमनाथ मंदिर परिसर में मौजूद रहकर इस भव्य ड्रोन शो का आनंद लिया। इस दौरान वहां मौजूद श्रद्धालुओं और दर्शकों ने भी इस अद्भुत नजारे को देखकर गर्व और खुशी का अनुभव किया। ड्रोन शो समाप्त होने के तुरंत बाद पास के समुद्र तट पर भव्य आतिशबाजी की गई। विभिन्न प्रकार के पटाखों से पूरा आकाश रंग-बिरंगा नजर आया और माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया।

# बांग्लादेश में चुनाव के समय हर बार हिंदुओं पर होता है अत्याचार : आलोक

एजेंसी

**अयोध्या :** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या पहुंचे विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में जब-जब चुनाव होते हैं तब-तब हिंदुओं पर अत्याचार होता है। ऐसे में बांग्लादेश पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने के लिए जहां भी हिंदू हो, वहां पर विरोध दर्ज कराएं ताकि वहां पर हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को रोका जा सके। हालांकि इस बार इसके विरोध में भारत के प्रत्येक जिले के साथ विश्व की 100 से अधिक राजधानियों में प्रदर्शन किए गए हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनता दिख रहा है। मीडिया से रुबरु होते हुए उन्होंने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार की राजनीति पर कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई कानूनी है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से एजेंसियों को धमकाना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल की जनता बदलाव का मन बना चुकी है। श्री राम जन्मभूमि परिसर के मुख्य द्वार जगद्गुरु रामानंदाचार्य द्वार पर जगद्गुरु रामानंदाचार्य की 776वीं जन्म जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ एवं पूजन-अर्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में दिल्ली से आए वाल्मीकि समाज के 100 से अधिक श्रद्धालुओं ने राम मंदिर ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, ट्रस्ट सदस्य महंत दिनेन्द्र दास, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार के साथ श्री रामलला का दर्शन-पूजन किया। इस आयोजन का नेतृत्व कर रहे आलोक कुमार ने वाल्मीकि समाज के दर्शन पूजन पर कहा कि जहां महर्षि वाल्मीकि हैं, वहीं भगवान राम हैं, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही ईश्वर की प्राप्ति होती है।

# मप्र के इंदौर में दूषित पानी से एक और महिला की मौत, मृतकों की संख्या 21 हुई

एजेंसी

**इंदौर :** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से एक और महिला की मौत हो गई। यह क्षेत्र में दूषित पानी से 21वीं मौत है। दूषित पानी से महिला की किडनी डैमेज हो गई थी। शनिवार को दोपहर में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, महिला सुनीता वर्मा (49) पत्नी सतीश निवासी फर्जी वाली गली को गत 7 जनवरी को एमवायएच में भर्ती कराया गया था। इसके बाद उसकी हालत लगातार खराब होती चली गई और शनिवार दोपहर को उसने दम तोड़ दिया। महिला के बेटे विकास ने बताया कि दूषित पानी पीने से उसकी मां की किडनी डैमेज हुई थी। रविवार को महिला का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

वहीं, दूसरी ओर भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित घटना के बाद स्थिति में तेजी से सुधार आ रहा है। अब धीरे-धीरे नए मरीजों की संख्या कम हुई है। इलाज के बाद मरीजों को अस्पताल से डिस्चार्ज भी किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि आज डायरिया के 27 मरीज ओ.पी.डी. में आए, जिसमें से 05 रेफरल किए गए है। वर्तमान में अस्पताल में भर्ती मरीजों की कुल संख्या 41 है, ???जिसमें से आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 12 है। क्षेत्र में अभियान स्वास्थ्यवर्धन प्रारंभ, 1018 घरों का सर्वे कर बाटें गए ओ.आर.एस. तथा जिंक के किटइंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में अपर मुख्य सचिव नीरज मण्डलोई और अनुपम राजन ने शनिवार को भ्रमण कर व्यवस्थाओं का मैदानी जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। अपर मुख्य सचिव नीरज मण्डलोई और अनुपम राजन ने अपने भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं ड्रेनेज सुधार कार्यों की मौके पर समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में अभियान स्वास्थ्यवर्धन के दौरान सेवाओं का विस्तार करते हुए गैर संचारी रोग, शिशु स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य की संपूर्ण जानकारी के लिए 51 दलों का गठन किया गया। इस दल में आशा कार्यकर्ता, एएनएम तथा नर्सिंग स्टूडेंट सम्मिलित थे, जिसके अंतर्गत 204 सदस्यों ने घर-घर जाकर सेहत की संपूर्ण जानकारी ली। हिमोग्लोबीनोमीटर से एनिमिया की जांच एवं ग्लूकोमीटर के द्वारा शुगर कीतथारक्तचापकी जांच कीगई। वजन-ऊंचाई नापीगई, उल?टी-दस्त के साथ संक्रमण से स्वस्थ हुए लोगों का फॉलोअप किया गया। साथ ही उपचार के संबंध में जानकारी दीगई। जिंक ओआरएस किट का वितरण किया गया। इस दौरान 1018 घरों का सर्वे कर किट प्रदान की गई, प्रत्येक किट में 10 पैकेट ओ.आर.एस. तथा 30 गोलियां जिंक की हैं। अभियान के दौरान दलों ने पीड़ित लोगों को उपचार प्रदान करने हेतु स्वास्थ्य केंद्र तक लेकर आए तथा निशुल्क सेवाओं के तहत उपचार औषधि व रेफरल की सेवाएं भी प्रदान की। लोगों से हर हालत में भय मुक्त रहने का आग्रह कियागया। आज प्रभावित क्षेत्र में प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण किया गया, जिसमें उल्टी-दस्त से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई है।

# योगी सरकार के नाम दर्ज हुई एक और बड़ी उपलब्धि, यूपी पुलिस को मिला प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड

एजेंसी



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश पुलिस को नई दिल्ली में शनिवार को आयोजित 105वें स्कॉच समिट कार्यक्रम में महाकुम्भ-25 में स्थापित आईसीसीसी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर एवं यूपी पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर की मेटा सुसाइडल अलर्ट से संबंधित अभिनव पहल को वर्ष-25 के प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड (श्रेणी-गोल्ड) से सम्मानित किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम ह्रञ्छ्रऽ१ल्ल्ल्र्ॅ ३'२३ ईं१३ह्व रही। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता है। 105वें स्कॉच समिट कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण को पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसे उनकी ओर से नामित अधिकारियों क्रमशः आईसीसीसी महाकुंभझ25 के तत्कालीन प्रभारी आईपीएस अमित कुमार एवं मेटा सुसाइडल अलर्ट का अवॉर्ड पुलिस महानिदेशक के जनसम्पर्क अधिकारी राहुल श्रीवास्तव, सत्या यादव, डायरेक्टर आउटरीच, साउथ एशिया फेसबुक (मेटा) द्वारा ग्रहण किया गया। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से तकनीक-समर्थ, संवेदनशील एवं जनोन्मुख पुलिसिंग के लिए लगातार दिशा-निर्देश एवं संसाधन प्रदान किये जा रहे हैं। ऐसे में यूपी सरकार की मंशा के अनुरुप प्रौद्योगिकी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पुलिसिंग में उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही यूपी पुलिस द्वारा तकनीकी नवाचारों को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस वर्ष प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड-25 यूपी पुलिस को मिलना इसका जीता जागता उदाहरण है। यह सम्मान जनसुरक्षा एवं जीवन संरक्षण के क्षेत्र में यूपी पुलिस के किए गए तकनीकी नवाचारों, उत्कृष्ट सरकारी सेवाओं एवं प्रभावशाली कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त मान्यता को दर्शाता है। एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) महाकुंभझ25 में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुचारू संचालन और सुरक्षा के प्रति यूपी पुलिस की गहरी प्रतिबद्धता के दृष्टिगत आईसीसीसी को एक नर्व सेंटर/नियंत्रण हब के रूप में विकसित किया गया, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तथा अन्य कटिंग-एज टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया ताकि मेले के दौरान जनमानस की सेवा, भीड़ प्रबंधन, आपदा प्रतिक्रिया, आपातकालीन सेवाएं और इंटर-एजेंसी समन्वय को सर्वोत्तम स्तर पर संचालित किया जा सके।

न्यूज IN ब्रीफ

## देशभर की पुलिस को चकमा देने वाला रहमान डकैत सूरत से गिरफ्तार

**सूरत :** देशभर की पुलिस के लिए पिछले दो दशकों से सिरदर्द बना भोपाल का कुख्यात अपराधी राजू ईरानी उर्फ आबिद अली ( रहमान डकैत) आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। सूरत क्राइम ब्रांच ने एक गोपनीय और सटीक ऑपरेशन के तहत उसे लालगेट इलाके से बिना किसी मुठभेड़ के दबोच लिया। राजू ईरानी भोपाल स्थित कुख्यात ह्यईरानी डेराह्न का सरगना है और देशभर में संगठित अपराध का बड़ा नेटवर्क चलाता था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, राजू ईरानी और उसका गिरोह देश के 14 राज्यों में सक्रिय था। वह खुद छह अलग-अलग आपराधिक गैंग का संचालन करता था। आरोपित पिछले 20 वर्षों से लगातार लूट, ठगी, संगठित अपराध, हिंसक हमलों जैसे गंभीर मामलों में शामिल रहा है। कई बार वह नकली सीबीआई अधिकारी, पुलिस अफसर या साधु-बाबा का वेश धारण कर लोगों को ठगता था। महाराष्ट्र में उसके खिलाफ मकोका जैसे सख्त कानून के तहत भी केस दर्ज है। जांच में सामने आया है कि राजू ईरानी और उसका भाई जाकिर अली अपराध से कमाए गए पैसों से बेहद आलीशान जिंदगी जीते थे। उनके पास लग्जरी कारें, महंगी स्पोर्ट्स बाइक्स और यहां तक कि अरबी नस्ल के घोड़े भी थे। इलाके में दोनों का इतना खौफ था कि लोग उन्हें किसी डॉन से कम नहीं मानते थे।

**पुलिस को चकमा देने का पुराना तरीका**

जब भी पुलिस उनके ठिकानों पर छापा मारती, गैंग की रणनीति बेहद शातिर होती थी। घर की महिलाओं और बच्चों को आगे कर दिया जाता, जबकि मुख्य आरोपी पीछे के रास्तों से फरार हो जाते थे। दिसंबर में भोपाल पुलिस ने करीब 150 जवानों के साथ ईरानी डेरे में छापा मारा था, लेकिन तब भी राजू इस चाल से बच निकलने में कामयाब रहा था।

**मुखबिरों पर भी किया है हमला**

पुलिस के मुताबिक, राजू ईरानी का इतना खौफ था कि कोई भी उसकी जानकारी देने की हिम्मत नहीं करता था। जो भी मुखबिरी करता, उसे गंभीर अंजाम भुगतने पड़ते थे। एक मामले में आरोपी ने मुखबिर और उसके परिवार को घर में बंद कर जिंदा जलाने की कोशिश भी की थी। इसी केस में वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

**नकली अफसर बनकर करता था ठगी**

गैंग के सदस्य अक्सर सफारी सूट पहनकर खुद को सीबीआई या वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बताते थे। वे बुजुर्गों और अकेले राहगीरों को रोककर सुरक्षा जांच के नाम पर गहने उतरवाते और फिर फरार हो जाते थे। कई मामलों में आरोपी साधु-बाबा का वेश धारण कर लोगों की आस्था को भी निशाना बनाता था। इस पूरे मामले पर क्राइम ब्रांच के डीसीपी भावेश रोजिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली थी कि मध्यप्रदेश के भोपाल का रहने वाला आबिद अली उर्फ राजू ईरानी, जो ह्यईरानी डेराह्न नामक कुख्यात गैंग का मुख्य सरगना है, वह सूरत आया हुआ है। इसी पुख्ता सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया। डीसीपी रोजिया ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के बाद कई बड़े खुलासे हो रहे हैं। राजू ईरानी भोपाल में ह्यरहमान डकैतह्न के नाम से भी कुख्यात है। आरोपित पिछले 13 से 14 वर्षों से भोपाल की अमन नगर सोसायटी में रह रहा था। उन्होंने बताया कि राजू ईरानी अलग-अलग छह गैंगों का सरगना और लीडर है। वह और उसका भाई जाकिर अली बेहद शाही और लग्जरी जिंदगी जीते हैं। दोनों आर्थिक रूप से काफी मजबूत हैं और महंगी लग्जरी कारों व बाइकों के शौकीन हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, राजू ईरानी हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत देश के 14 राज्यों में लूट और ठगी के मामलों में वांछित था। दिल्ली क्राइम ब्रांच में भी वह 2022 से एक बड़े ठगी केस में फरार चल रहा था।उ सूरत क्राइम ब्रांच की इस कार्रवाई को संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## भोपालः भारतीय भाषा परिवार विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**भोपाल :** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान(आईईएचई), में भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय (भारत सरकार), नई दिल्ली एवं भारतीय शिक्षण मंडल, मध्य भारत प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय भाषा परिवार' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में भाषा को विचारों की ही नहीं, अपितु संस्कृति की भी वाहक बताया। उन?होंने विधि जगत में न्यायाधीश के रूप में प्राप्त अनुभवों के आधार पर हिंदी अनुवाद व उससे उत्पन्न भ्रान्तियों से अवगत करवाया। साथ ही स्वभाषा व स्वसंस्कृति के जीवन में महत्व को भी विस्तारित रूप से इंगित किया। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलपति डॉ. प्रकाश बरतुनिया ने 'विश्व हिंदी दिवस' व 'हिंदी दिवस' मनाने के औचित्य व उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए हिंदी भाषा की दृढ़ वैश्विक स्थिति का वर्णन किया। उन्होंने भाषिक एकता के लि?ए प्रत्येक भारतीय को भारत देश के विभिन्न प्रांतों की भाषाएं सीखने पर बल दिया। प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति के अध्यक्ष डॉ. रवींद्र कान्हेरे ने स-उदाहरण अनुवाद की समस्याओं से अवगत कराया। डॉ. कान्हेरे ने भारत के बहुभाषिक परिदृश्य में अनुवाद की महती भूमिका को रेखांकित करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, गूगल लैंस एवं अनुवादिता एप्प जैसी तकनीकों के अनुवाद की समस्याओं को रेखांकित किया। साथ ही मराठी भाषा की पृष्ठभूमि व समृद्ध साहित्य परंपरा को व्याख्यायित करते हुए उन्होंने अनुवाद को राष्ट्रीय सांस्कृतिक एकता के लि?ए अनिवार्य सिद्ध किया। डॉ. एच.बी. गुप्ता ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए संगोष्ठी के आगामी सत्रों की रुपरेखा से परिचित करवाया। संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने रामायण में हनुमान जी की सीता माता से भेंट के समय प्राकृत भाषा में वार्तालाप करने के उदाहरण द्वारा स्वाभाषा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने एक से अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के महत्व को व्याख्यायित करते हुए जानकारी साझा की, कि मध्य प्रदेश शासन 11 भारतीय भाषाओं में नि:शुल्क प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रमों को आरम्भ करने जा रहा है, जिस हेतु नोडल सेंटर बनने का सौभाग्य उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल को प्राप्त हुआ है। संगोष्ठी के प्रथम-सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक प्रो. चंद्र एस. दुबे ने अंग्रेजों की पद्धति से वर्गीकृत भारतीय भाषाओं व उनकी संरचनाओं को भारत के भाषिक विवाद हेतु उत्तरदायी बताया एवं भारतीय दृष्टि से सभी भारतीय भाषाओं के अध्ययन व साहित्य-अनुवाद पर बल दिया। द्वितीय सत्र को संचालित करते हुए आई.आई.एम.सी के रीजनल डायरेक्टर डॉ. दिलीप कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय भाषाएँ साझा सांस्कृतिक चेतना और दार्शनिक परंपरा के कारण एक सजीव भारतीय भाषा-परिवार का निर्माण करती हैं। उन्होंने भारतीय भाषाओं के अध्ययन हेतु पश्चिमी ढाँचों के स्थान पर स्वदेशी भाषावैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव प्रस्तुत किया। संगोष्ठी के तृतीय व अंतिम पैनल-सत्र हेतु दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान, भोपाल के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, भोपाल के प्राचार्य डॉ. अनिल शिवानी उपस्थित रहे। भारतीय भाषा परिवार व विभिन्न भाषाओं के महत्व पर विद्वानों ने अपने उपयोगी विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी के सहभागियों व विद्यार्थियों ने भी विषय पर मुख्य वक्ताओं से अपने-अपने प्रश्न पूछकर जिज्ञासाओं को साझा किया। संगोष्ठी का प्रथम दिवस भारतीय भाषा परिवार की विविध भाषाओं को समझने, अनुवाद की समस्याओं से अवगत होने व समाधान प्राप्त करने की दिशा में सार्थक सिद्ध हुआ। इस दौरान डॉ. मनीष शर्मा सहित अन्य प्राध्यापकगण भी उपस?थि?त थे।

## पशुओं के लिए चारा लेने गए एक किसान की करंट लगने से मौत

**बिजनौर :** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में शनिवार को पशुओं के लिए चारा लेने गये एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद बिजनौर के नूरपुर थाने के तेलीपुरा गांव में बिजली का करंट लगने से एक 62 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब वह अपने खेत में पशुओं के लिए चारा काट रहे थे। मृतक की पहचान भगा सिंह के पुत्र रतन सिंह के रूप में हुई है। रतन सिंह अपने पशुओं का चारा काटने के लिए खेत पर गए थे। पानी के कुएं के पास पहुंचने पर उन्होंने देखा कि एक बिजली का तार नीचे पड़ा हुआ था, जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। चारा काटते समय अचानक वह इस तार की चपेट में आ गए। करंट लगने से रतन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वह काफी देर तक खेत में पड़े रहे। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों की नजर उन पर पड़ी, जिसके बाद घटना का पता चला। किसानों ने तुरंत परिवार के सदस्यों को सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी प्रभारी राजवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिवार वालों को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जस्टिस एलपीएन शाहदेव को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि





## 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड आंदोलन के प्रणेता, महान विचारक और निर्भीक न्यायविद जस्टिस एल.पी.एन शाहदेव की 14वीं पुण्यतिथि शनिवार को पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई। रांची स्थित सूचना भवन के सामने जस्टिस एल.पी.एन. शाहदेव चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज्य की राजनीति, समाज और आंदोलन की सभी धाराएं एक साथ नजर आईं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चंपई सोरेन, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री सुदीप सोनू, भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू सहित राज्य के तमाम वरिष्ठ नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और आंदोलनकारी दिनभर श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे या अपना श्रद्धांजलि संदेश भेजा। यह दृश्य अपने-आप में जस्टिस शाहदेव की उस विरासत का प्रमाण था, जिसने राजनीति से ऊपर उठकर झारखंड को एक सूत्र में बांधा।

कार्यक्रम की शुरूआत जस्टिस शाहदेव के परिवार द्वारा श्रद्धांजलि से हुई।उनकी ज्येष्ठ पुत्री संगीता सिंह, दामाद रतन कुमार,कृति सिंह, पुत्र प्रतुल शाहदेव, पुत्रवधू डॉ. विद्या झा शाहदेव एवं पौत्र शौर्य प्रताप शाहदेव ने सर्वप्रथम पुष्प अर्पित कर नमन किया।

**जस्टिस शाहदेव ने झारखंड आंदोलन को बौद्धिक ऊर्जा दी : मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा जस्टिस एल.पी.एन. शाहदेव न्यायपालिका में रहते हुए भी झारखंड आंदोलन को अपनी बौद्धिक शक्ति से सींचते रहे। वे किसी दल की सीमा में नहीं बंधे, बल्कि झारखंड की आत्मा के लिए लड़े। आने वाली पीढ़ियों को उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए।

**झारखंड अलग राज्य आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान किए थे जस्टिस शाहदेव : बाबूलाल**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा– ह्लजस्टिस एल.पी.एन. शाहदेव ने झारखंड अलग राज्य आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान किए थे, सेवानिवृत्ति होने के बाद वह झारखंड आंदोलन में सक्रिय रहे, जो लोग झारखंड अलग राज्य के पक्ष में नहीं थे उनका भी आंख खोलने का काम किए थे जस्टिस शाहदेव।

**जस्टिस शाहदेव ने झारखंड आंदोलन को नई दिशा देने का काम किए थे : सुदिव्य सोनू**

झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि अलग झारखंड राज्य के गठन में जस्टिस शाहदेव की भूमिका ऐतिहासिक रही। वो झारखंड आंदोलन को नई दिशा देने का काम किए थे। झारखंड की पीढ़ियां सदैव उनका ऋणी रहेगा।

**झारखंड अलग राज्य आंदोलन के रणनीतिकार थे जस्टिस शाहदेव : चंपई सोरेन**

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा– जस्टिस शाहदेव एक बुद्धिजीवी थे और झारखंड आंदोलन में उनकी अहम भूमिका थी झारखंड अलग राज्य आंदोलन के रणनीतिकार थे, उनके यहां के माटी से जुड़ाव था आज उनके दिखाए गए रास्ते पर हम सभी को चलना चाहिए ऐसे महापुरुष को नमन।

**झारखंड आंदोलन के स्तंभ थे जस्टिस शाहदेव : केंद्रीय मंत्री संजय सेठ**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा जस्टिस शाहदेव के बिना झारखंड आंदोलन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने हर मंच पर झारखंड अलग राज्य की आवाज उठाई।

**आदिवासी–मूलवासी के अधिकारों के लिए जीवन भर लड़े : आदित्य साहू**

भाजपा झारखंड के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा– जस्टिस शाहदेव ने आंदोलन को बौद्धिक दिशा दी। वे झारखंड के आदिवासी-मूलवासी के विकास को लेकर सदैव चिंतित रहते थे, यहां के सभी वर्गों के दुख सुख में हमेशा साथ रहते थे।

**झारखंड की निर्णायक लड़ाई के अग्रणी योद्धा थे जस्टिस शाहदेव : सीपी सिंह**

रांची के विधायक सी.पी सिंह ने कहा - झारखंड आंदोलन की निर्णायक लड़ाई में जस्टिस शाहदेव का नेतृत्व ऐतिहासिक रहा। श्री सिंह ने यह भी कहा कि जब तक सूरज चांद रहेगा तब तक जस्टिस शाहदेव जी का नाम रहेगा।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा, कांग्रेस, आजसू, राजद, जदयू सहित सभी दलों के नेता, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और सैकड़ों आंदोलनकारी शामिल हुए। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सभी ने एक स्वर में कहा जस्टिस एल.पी.एन. शाहदेव झारखंड की आत्मा थे और रहेंगे।

श्रद्धांजलि देने वालों में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजीव रंजन प्रसाद, भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू जी, ग्रामीण अध्यक्ष नरेंद्र सिंह जी, कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता किशोर नाथ शाहदेव, चैंबर अध्यक्ष आदित्य मेहरोत्रा , महासचिव रोहित अग्रवाल जेडीयू प्रवक्ता सागर कुमार, भाजपा नेता शिवपूजन पाठक, राहुल अवस्थी, दिनेश प्रसाद साहू,अजय कुमार, लोकेश चौधरी, अजय कुमार, राजेंद्र तिवारी, ज्ञान रंजन, सुजीत, सुमित रुंगटा, संतोष, सत्य प्रकाश चंदेल, सुबोजीत देब, लोकेश कुमार, राजू वारसी, कृष्ण अग्रवाल, उदय चौहान, भीम प्रभाकर सुभाष साहू, मुरारी, अनीश कुमार सिंह , बलराम सिंह, गिरजा शंकर ओझा, रामेश्वर दयाल सिंह, यश सिंह परमार आशुतोष, अजय सरावली, राकेश श्रीवास्तव, संदीप नागपाल, प्रमोद पांडे, प्रभाकर चौबे, नरेंद्र साहू सहित सैकड़ो लोगों ने श्रद्धांजलि दी।





### गुंटूर में सरस आजीविका मेला

## महिलाओं ने दिखाया हुनर और आत्मनिर्भरता

**संवाददाता**

**सिमडेगा :** ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित सरस आजीविका मेला इस वर्ष की शुरूआत में आंध्र प्रदेश के गुंटूर शहर में 8 जनवरी से 18 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। यह मेला महिलाओं के उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है।

हर वर्ष की तरह इस बार भी झारखंड की महिला समूहों की दीदियां अपने ब्रांड पलाश और आदिवा के तीन स्टॉलों के माध्यम से उत्पादों की बिक्री कर रही हैं। उनके प्रयास झारखंड की महिला उद्यमिता, कार्यकुशलता और सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।



मेला का उद्घाटन आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चंद्रबाबू नायडू ने किया। उन्होंने कहा, ह्लमहिलाएं बचत और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्हें अपने पैरों पर खड़ा देखना गर्व की बात है।ह्व

गुंटूर सरस मेले में झारखंड सहित 24 राज्यों के कुल 320 स्टॉल लगाए गए हैं। मेले में सांस्कृतिक कला मंच, बच्चों के लिए झूले और फूड कोर्ट भी बनाए गए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल व्यापार का बल्कि मनोरंजन का भी केंद्र बन गया है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**देवघर :** जिले के जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी के नेतृत्व में शनिवार को आर. मित्रा जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, देवघर के प्रांगण में सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) लक्ष्मण प्रसाद, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार पंकज कुमार उपस्थित थे।ष्कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित काउंसलिंग, सड़क दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा उपकरणों की जानकारी एवं मरम्मती कार्यों का संदेश, तथा प्रभात फेरी सहित अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से नेक नागरिक योजना, हिट एंड रन मुआवजा योजना, खतरनाक व तेज गति से वाहन चलाने के दुष्परिणाम, हेलमेट की अनिवार्यता, सीट बेल्ट का महत्व, विचलित ड्राइविंग के खतरे, इंडिकेटर के सही प्रयोग, गलत दिशा में ड्राइविंग के जानलेवा परिणाम, हेडलाइट के शिष्टाचारपूर्ण उपयोग, नशे की हालत में वाहन चलाने के गंभीर परिणाम, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाली हानियाँ तथा रफ्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के समापन पर सड़क सुरक्षा के संदेश के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मोटरयान निरीक्षक अमित कुमार झा, प्रथम रजवाड़ा प्रथम रजवाड़, सुभाष तिग्गा सुभाष तिग्गा, सड़क सुरक्षा प्रबंधक शिव कुमार राय, प्रधान लिपिक त्रिलोक नाथ मिश्रा, यातायात प्रभारी संजय कुमार, फील्ड मैनेजर रामसागर चौधरी सहित आर. मित्रा विद्यालय के सभी शिक्षकगणों की सक्रिय भूमिका रही।

## महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने विभाग में दी है व्यापक विकास गति

**बिनय मिश्रा**

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2007 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार झारखंड के उन सफलतम आईएएस अधिकारी के रूप में शामिल है जिन्होंने अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो से जहां भी पदस्थापित रहे अपने कर्मठता और लगन से विभाग को भरपूर विकास गति दी है वर्तमान समय में मैया सम्मान योजना की राशि लाभुकों को ससमय उपलब्ध कराने के साथ-साथ यह इतिहास बनाने में भी इनकी सरहणीय भूमिका रही है जो निश्चित तौर पर विभाग के लिए गौरव की बात है इसी के फल स्वरुप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस विभाग को हमेशा जनहित और कार्यहित के लिए सचिन और विभाग की सराहना भी की है श्री कुमार के महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग में योगदान देने के इस विभाग अधीन कार्यों के सुचारू रूप से क्रियावनन के पश्चात से इस विभाग ने कई उपलब्धियां भी हासिल की है गौरतलब हो कि श्री कुमार इससे पूर्व उपायुक्त बोकारो नगर निगम धनबाद के आयुक्त रहने के साथ-साथ कोल्हान के कमिश्नर भी रह चुके हैं श्री कुमार जहां भी पदस्थापित रहे अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो से हमेशा ऊजार्वान अधिकारी के रूप में पहचाने जाते



हैं ऐसे अधिकारी से निश्चित तौर पर राज्य और विभाग दोनों गौरवान्वित होते हैं में कोल्हान में आयुक्त के पद स्थापना काल साथ-साथ कोल्हन विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में भी काफी समय तक पदस्थापित रहे।

## नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक को झामुमो नेताओं ने किया स्वागत



**संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिले के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे का झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सिमडेगा की ओर से शिष्टाचार भेंट कर स्वागत किया गया।इस अवसर पर झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना एवं जिला सचिव मो. सफीक खान ने पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ भेंट कर सिमडेगा जिला में स्वागत किया। झामुमो नेताओं ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में जिले में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आम जनता को न्याय एवं सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। वहीं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी। मौके पर पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## विश्वविद्यालय के निरंतर प्रगति के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक : प्रो मनोरंजन प्रसाद सिन्हा

**संवाददाता**

**दुमका :** सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू), दुमका का 34वां स्थापना दिवस विश्वविद्यालय परिसर स्थित सभागार में हर्षोल्लास, गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. कुनुल कंदीर ने की, जबकि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मनोरंजन प्रसाद सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए।



स्थापना दिवस समारोह की शुरूआत विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्मारक टीला पर वीर शहीद सिदो-कान्हु मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाज के अनुरूप मुख्य अतिथि का लोटा-पानी से स्वागत किया गया। पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक गरिमा के बीच मुख्य अतिथि को विश्वविद्यालय सभागार तक ले जाया गया।

सभागार में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं विश्वविद्यालय के कुलगीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इसके बाद कुलपति प्रो. डॉ. कुनुल कंदीर ने मुख्य अतिथि प्रो. मनोरंजन प्रसाद सिन्हा को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव रंजन शर्मा ने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन किया।इस अवसर पर वर्ष 2024 एवं 2025 में विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षकेत्तर कर्मियों की ओर से प्रतिनिधि प्रमिल कुंदन ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 34 वर्षों में विश्वविद्यालय का निरंतर विस्तार हुआ है, लेकिन सीमित मानव संसाधनों के बावजूद शिक्षकेत्तर कर्मी विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने वेतन निर्धारण, पदोन्नति एवं नियमितीकरण जैसे लंबित मामलों के शीघ्र समाधान की मांग की। शिक्षक प्रतिनिधि पी.पी. सिंह ने अपने वक्तव्य में पूर्व कुलपति प्रो. मनोरंजन प्रसाद सिन्हा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में किए गए प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव आज भी विश्वविद्यालय परिसर में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने पठन-पाठन की शुरूआत, शैक्षणिक वातावरण के सुदृढ़ीकरण तथा शिक्षकों के पदोन्नति से संबंधित प्रयासों को भी रेखांकित किया।

## 20 से 27 फरवरी तक राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को जिले के उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान की अध्यक्षता मेंराजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव 2026 के सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन को लेकर उप समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला आयोजन से जुड़े सभी विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में उपविकास आयुक्त अनिकेत सचान ने जानकारी दी कि राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव का आयोजन 20 फरवरी से 27 फरवरी तक किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि मेला सुचारु रूप से संपन्न हो सके।ष्कृषि विभाग द्वारा लगाए जाने वाले प्रदर्शनी को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। यह प्रदर्शनी उन्नत एवं आधुनिक कृषि तकनीकों पर आधारित होगी, जिससे किसानों को नई कृषि पद्धतियों की जानकारी मिल सके। प्रदर्शनी में विशेष रूप से स्ट्रॉबेरी की खेती को भी शामिल किया जाएगा, ताकि किसानों को वैकल्पिक एवं लाभकारी खेती के प्रति प्रेरित किया जा सके।

मेला परिसर में स्टॉल एवं पंडाल निर्माण कार्य को ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सभी विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी तैयारी पूरी करने को कहा गया।

जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार को मेला अवधि के दौरान आयोजित होने वाली खेल-कूद प्रतियोगिताओं का विस्तृत कैलेंडर तैयार करने का निर्देश दिया गया। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु कला दलों के चयन को शीघ्र अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया।

आयोजन हेतु गठित विभिन्न समितियों को अपने-अपने दायित्वों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मेला परिसर की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।